



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 201 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 9 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-








## सीएम भूपेश से अचानक मिले बीजेपी सांसद रामविचार नेताम

# मुलाकात पर राजनीतिक मंथन शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल 90 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकले हैं। इस दौरे को मिशन-2023 से जोड़ा जा रहा है। सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले में सीएम भूपेश की भाजपा शासनकाल के मंत्री और वर्तमान में राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम की मुलाकात अब चर्चा में है। मुलाकात पर राजनीतिक मंथन और मंत्रणा का दौर शुरू हो गया है। सीएम व राज्यसभा सांसद की मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल कर लोग सवाल उठा रहे हैं और पूछ रहे हैं... मुलाकात हुई... क्या बात हुई।

बता दें कि सीएम भूपेश बघेल इन दिनों सरगुजा संभाग के दौरे पर हैं। 5 मई को सीएम भूपेश बघेल घोर नक्सल प्रभावित सनावल पहुंचे थे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच काफी वक्त गुजारा और सरकारी योजनाओं का जायजा लिया। सनावल रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में आता है। यह गांव राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम का गृहग्राम भी है। लिहाजा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब दौरे के दौरान सनावल के रेस्ट हाउस पहुंचे तो रामविचार नेताम भी अचानक उनसे मिलने पहुंच गए। सीएम भूपेश बघेल ने रामविचार नेताम से हाथ मिलाया तो सांसद गृहग्राम पहुंचने पर सीएम का बुके देकर स्वागत किया।



### राजनीतिक चर्चाओं में सीएम से मुलाकात

सीएम भूपेश बघेल और राज्यसभा सांसद नेताम के बीच करीब 5 मिनट की मुलाकात हुई, जिसके बाद रामविचार नेताम रेस्ट हाउस से निकल गये। वहीं मुख्यमंत्री भी अपने आगे के दौरा कार्यक्रम में बढ़ गये। हालांकि दोनों के बीच क्या और किस मुद्दे पर बातें हुई, उसे लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आयी है, लेकिन माना जा रहा है कि क्षेत्र के कुछ मुद्दे को लेकर राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम की तरफसे बातें रखी गई है। इस दौरान बृहस्पति सिंह और अन्य विधायक भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रामविचार नेताम से सहज आत्मीय भाव से मुलाकात की और साथ में तस्वीरें भी खिंचवाई।

### रामविचार व बृहस्पति एक-दूसरे के विरोधी

वर्ष 2013 के चुनाव में तत्कालीन मंत्री रामविचार नेताम को कांग्रेस के वर्तमान विधायक बृहस्पति सिंह ने हराया था। कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह और रामविचार नेताम एक-दूसरे के घोर विरोधी मानें जाते हैं। राजनैतिक मतांतर होने के अलावा दोनों के बीच अच्छी खासी रार है। दोनों एक-दूसरे पर निरंतर हमले अपने बयानबाजियों के माध्यम से करते रहे हैं। कई गंभीर आरोप-प्रत्यारोप भी एक-दूसरे पर लगाते रहे हैं। रामविचार नेताम के सीएम से मुलाकात के बाद राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गई। एक-दूसरे के विरोधी पार्टियों के नेताओं की मुलाकात से चर्चा भी शुरू हो जाती है।

## मदर्स डे मनाने केक लेकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग में न्यू पुलिस लाइन के पास बीती रात तेज रफ्तार कार की ठोकर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल तीन में से दो युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों युवक मदर्स डे मनाने के लिए केक लेकर दो अलग अलग मोटर साइकिल में रायपुर नाका बस्ती की ओर लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। कार चालक वाहन सहित फरार हो गया है।

इस घटना में मृतक आकाश तांडी उर्फ हैप्पी पिता जीतेन्द्र तांडी (24 वर्ष) रायपुर नाका का रहने वाला है। रविवार की रात साढ़े 9 बजे के आसपास आकाश अपने तीन दोस्त बबलू नाग, दिनेश महानंद और रमेश लोहा के साथ दो मोटर साइकिल में जेल तिराहा की तरफ मदर्स डे मनाने के लिए केक खरीदने गया था। केक खरीदने के बाद चारों दोस्त न्यू पुलिस लाइन होकर रायपुर नाका



लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने दोनों मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद कार चालक वाहन सहित वहां से भाग निकलने में सफल हो गया।

जानकारी पर पहुंची पुलिस ने चारों युवकों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद आकाश तांडी उर्फ हैप्पी के मौत हो जाने की पुष्टि कर दी। घटना में दिनेश महानंद और रमेश लोहा के पैर में गंभीर चोट लगी है। जबकि बबलू नाग को सामान्य चोटें आई है। हादसे के जिम्मेदार कार चालक की तलाश में सीसीटीवी कैमरे के फुटेज पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है।

## खास खबर

### लगातार बढ़ रही संक्रमितों की संख्या, पर एक सप्ताह में मौत का आंकड़ा 26 माह में सबसे कम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन मौतों की संख्या रविवार को समाप्त सप्ताह में 26 माह की सबसे कम रही है। राहत की बात है कि इस सप्ताह मौतें सिर्फ 20 हुईं। यह संख्या मार्च 2020 के बाद सबसे कम है। बीता सप्ताह लगातार चौथा ऐसा हफ्ता रहा, जिसमें नए संक्रमित बढ़े। इनकी संख्या में 3.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान 23 हजार से ज्यादा नए संक्रमित मिले, जबकि इससे पूर्व के सप्ताह में 22,300 नए केस मिले थे। सोमवार सुबह समाप्त बीते 24 घंटे की बात करें तो देश में 3207 नए केस मिले हैं, जबकि 29 मौतें हुई हैं। नए मामले बढ़ने से सक्रिय केस की संख्या बढ़कर 20,403 हो गई है।

***कोई नई लहर नहीं, बल्कि छूट का असर***

बीते सप्ताह कोविड केस में बहुत अधिक बढ़ोतरी नहीं होने के आधार पर विशेषज्ञों का दावा है कि संक्रमितों की संख्या बढ़ने की वजह कोई नई लहर नहीं है, बल्कि मास्क व कोरोना प्रोटोकॉल की दी गई रियायतों का असर है। यह सामाजिक संपर्क बढ़ने के कारण भी हुआ है। समीक्षाधीन सप्ताह के पूर्व के तीन सप्ताहों में 27 से 30 नई मौतें हुई हैं, जबकि रविवार 8 मई को समाप्त सप्ताह में 20 मौतें हुईं। इस दौरान कुल मौतों का आंकड़ा ज्यादा इसलिए बढ़ा क्योंकि कई राज्यों ने अपने यहां हुई मौतों के आंकड़े का अपडेट किया। ये मौतें इस सप्ताह के आंकड़े में नहीं गिनी जाएंगी।

***यहां कम हो रहा नए संक्रमित मिलना***

दिल्ली एनसीआर में बीते सप्ताह में नए केस कम हुए हैं, जबकि दिल्ली व हरियाणा में पिछले सप्ताह के बराबर तो यूपी में कुछ ज्यादा नए केस मिले हैं। आलोच्य सप्ताह में मृत्यु दर 0.15 फीसदी रही। बीते चार सप्ताहों की बात करें तो इस दौरान कुल 106 नई मौतें हुईं। इस दौरान देश में 70 हजार नए मामले मिले हैं।


### सड़क हादसा में दंपति की मौत, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल

**जशपुर।** जशपुर जिले में कार और तेज रफ्तार ट्रक में भिड़ंत हो गई। इस दौरान कार सवार कारोबारी और उसकी पत्नी की मौत हो गई। वहीं, उनके दो बच्चे हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि हादसा शनिवार रात को उस समय हुआ, जब कुंकुरी शहर निवासी परिवार नजदीकी ढाबे से खाना खाकर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान कपड़ा व्यापारी सौरभ बंसल(36) और उनकी पत्नी निशू (32) के तौर पर की गई है। चश्मदीदों के मुताबिक, उल्टी दिशा से तेज गति में ट्रक लहराते हुए चल रहा था और उसका बीच का हिस्सा कार से टकराया। उन्होंने बताया कि सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हुई। दोनों बच्चों की हालत गंभीर है और उन्हें आगे के इलाज के लिए पड़ोसी राज्य झारखंड स्थित रांची के अस्पताल में रेफर किया गया है। अधिकारी ने बताया कि कार से टकराने के बाद ट्रक सड़क से फिसल कर नीचे खेत में चला गया। हादसा इतना भयानक था कि हमें सौरभ के शव को निकालने के लिए गैस कटर का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज किया गया है और ट्रक चालक को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है जो घटना के बाद से फरार है।

## 'असानी' से बदलेगी हवा की दिशा, मौसम विभाग का अलर्ट छत्तीसगढ़ में बारिश के आसार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** चक्रवात 'असानी' के कारण छत्तीसगढ़ में हवा की दिशा और गति दोनों बदल रही है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं अपने साथ नमी लेकर आएगी। हवा की गति 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। 'असानी' चक्रवात की वजह से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। चक्रवात के असर से आसमान में बादल छाए रह सकते हैं, जिससे अधिकतम तापमान कमी आएगी।



मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवात के 10 मई तक आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों पर पहुंचने की संभावना है। ओडिशा, छत्तीसगढ़ का पड़ोसी राज्य है।


मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि 9 मई को हवा की दिशा में परिवर्तन होकर बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त ठंडी हवा का आगमन होने की प्रबल संभावना है। चक्रवात की वजह से छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। चक्रवात के असर से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 'असानी' चक्रवात के कारण प्रदेश में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। चक्रवात के 10 मई तक आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों पर पहुंचने की संभावना है।

### हल्की बारिश व अंधड़ चलने की संभावना

'असानी' चक्रवात की वजह से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ेंगे। प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड भी चल सकती है। 10 मई को भी 'असानी' चक्रवात के कारण प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ेंगे। हवा की गति भी बढ़ने की संभावना है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में बादल छाये रहने तथा उत्तर छत्तीसगढ़ में आंशिक रूप से बादल रह सकता है। चक्रवात के असर से भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

## दर्दनाक हादसा: एक साथ बुझ गए तीन चिराग नदी में नहाने गए 3 सगे भाइयों की डूबने से मौत

**मुरैना (एजेंसी)।** मुरैना जिले के राजघाट स्थित चंबल नदी में नहाने गए एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। परिजनों को बच्चों के डूबने की जानकारी नदी के किनारे पड़े उनके कपड़ों से लगी। अनहोनी की आंशका को देखते हुए परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर तीनों बच्चों के शव नदी से बाहर निकाले।



कोतवाली थाना प्रभारी अध्यात्म गौतम ने बताया कि राजघाट गांव के रहने वाले खेमचंद के तीनों बेटे रोहित उम्र 10 साल, चिराग उम्र 8 साल और कान्हा उम्र 6 साल सुबह चंबल नदी में नहाने के लिए गए थे। रोज की तरह नहाने के बाद जब तीनों बच्चे वापस घर नहीं पहुंचे, तो परिजन तलाश करने के लिए नदी पर पहुंचे। नदी किनारे तीनों बच्चों के कपड़े पड़े हुए देख परिजनों ने बच्चों के नदी में डूबने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दे दी, जिस पर पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। रेस्क्यू के दौरान पुलिस ने सबसे पहले चिराग और कान्हा के शव नदी से बाहर निकाले। लेकिन रोहित का सुराग नहीं लग रहा था, स्थानीय गोताखोरों ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीसरे बच्चे के शव को भी रेस्क्यू कर बाहर निकाला।

घटना के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया, तो वहीं, गांव में सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने तीनों डेड बॉडी को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराकर शव सुपुर्द कर दिए हैं। घटना में पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उद्धव को पिता के कारण मिली सत्ता' नवनीत बोलीं- फड़णवीस से सीखें शासन करना

**मुंबई (एजेंसी)।** अमरावती सांसद नवनीत राणा की महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ नाराजगी जारी है। अब उन्होंने राज्य के पूर्व सीएम देवेंद्र फड़णवीस के साथ ठाकरे की तुलना की है। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्ट के नेता से सरकार चलाने की सीख लेने की सलाह दी है। राणा रविवार को ही अस्पताल से छुट्टी मिली है। हाल ही में उन्हें मुंबई की विशेष अदालत ने जमानत दे दी थी।

इंडिया टुडे के अनुसार, सोमवार को राणा ने कहा, 'उद्धव ठाकरे को अपने पिता (बाल ठाकरे) के कारण सत्ता मिली है। उन्होंने शासन करना देवेंद्र फड़णवीस से सीखना चाहिए।' उन्होंने कहा था कि वह जेल में हुए गलत व्यवहार के मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और लोकसभा



स्पीकर ओम बिड़ला के सामने उठाएंगी।

उन्होंने कहा, 'मैं आज दिल्ली जाऊंगी। लॉक अप से लेकर जेल तक मेरे साथ क्या हुआ, कैसे उन्होंने मेरी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को अनदेखा किया... मैं सभी जानकारियां साझा करूंगी कि कैसे मैं महाराष्ट्र में जेल जाने वाली पहली महिला प्रतिनिधि बनी। मैं और मेरे पति के साथ जो भी हुआ वह अन्याय था।' राणा ने यह भई कहा कि शिवसेना प्रमुख को दूसरों को उपदेश नहीं देना चाहिए, जब उन्होंने खुद सत्ता के लिए भाजपा की 'पीठ में छुरा घोंपा' था।

## शिक्षक की नियत हुई खराब, छात्रा से की अश्लील हरकत

- **संबंध बनाने को दिया पैसे का लालच, आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में एक अध्यापक ने अपनी मर्यादा लांघते हुए 14 साल की नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत कर दी। छात्रा ने अध्यापक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि अध्यापक विनोद राय अक्सर मोटरसाइकिल पर छात्रा को स्कूल लेकर आता था।



### शिक्षक ने छात्रा के साथ की अश्लील हरकत

रोज की तरह 19 अप्रैल को भी छात्रा स्कूल जाने सड़क किनारे खड़ी थी, इसी दौरान शिक्षक विनोद राय बाइक से आया और साथ में स्कूल चलने के लिए बोला। इस पर छात्रा उसके साथ बाइक पर बैठ गई। इसके बाद कुछ दूरी पर शिक्षक ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करना शुरु कर दिया।

### आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

परिजनों ने थाने आकर अध्यापक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने 354 और पॉस्को के तहत एफआईआर की है। आरोपी टीचर को पकड़ने के लिए पुलिस पहुंची, लेकिन वह फरार बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### टीचर ने उस पर संबंध बनाने का दबाव डाला

हालांकि उस छात्रा ने डर की वजह से उस समय कुछ नहीं बोला। लेकिन छात्रा के मुताबिक टीचर ने उस पर संबंध बनाने का दबाव डाला साथ ही पैसे और गाड़ी का लालच दिया। लेकिन छात्रा ने कुछ भी लेने से मना कर दिया। इस बीच टीचर समझ गया कि छात्रा किसी को घटना के बारे में बता न दे इसलिए उसने छात्रा को 500 रुपये का नोट दिया और चुप रहने को कहा। टीचर के डर से उसने स्कूल में किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन घर आकर उसने अपने परिजनों को सब बता दिया।

## आदि उत्सव जनजातीय समाज की अस्मिता का पर्व है: केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह

### मण्डला, मध्यप्रदेश के रामननगर में आदि उत्सव का आयोजन

**रायपुर (पीआईबी)।** आदि उत्सव जनजातीय समाज की अस्मिता का पर्व है, यह बात केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने मध्यप्रदेश के मण्डला जिले के रामनगर में आयोजित 'आदि उत्सव' में कही । केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'आदि उत्सव' को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति जब हम धरती पुत्रों पर अपना स्नेह बरसाती है तो सारी दुनिया की निगाह हम पर आकर टिकती है। विकास की रफ्तार में जनजातीय समाज पीछे नहीं है लेकिन उसने अपनी संस्कृति और परम्परा के साथ विकास के रास्ते को चुना है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए जब पूरी दुनिया ताकत लगा रही है तब जल, जंगल और जमीन जनजातीय समाज की अक्षय सम्पत्ति के रूप में, धरोहर के रूप में सम्हाल कर रखा गया है।



श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि सरकार ने अपने कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनजातीय समाज को ना केवल उनका अधिकार दिया है बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से भी जोड़ा है । बीते डेढ़ दशक से जनजातीय समाज के हक में अनेक कल्याणकारी फैसला लेकर उनके जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है ।



## संपादकीय

# झारखंड कांग्रेस की पालकी ढोने की मजबूरी

झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार कांग्रेस के समर्थन से चल रही है। कांग्रेस के 16 जीते हुए विधायक हैं और दो विधायक बाबूलाल मरांडी की पार्टी छोड़ कर आए थे, जिनमें से एक बंधु तिर्की की सदस्यता खत्म हो गई है। फिर भी कांग्रेस के 17 विधायक हैं और इसके दम पर कांग्रेस को कमांडिंग पोजिशन में होना चाहिए था। लेकिन हैरानी की बात है कि सरकार में कोई महत्व नहीं मिलने के बावजूद कांग्रेस पार्टी सरकार की पालकी ढो रही है। एक विधायक वाली राजद का एक मंत्री है और 16 विधायक वाली कांग्रेस के चार मंत्री हैं। लेकिन मंत्रियों को स्वतंत्र रूप से काम करने की कोई आजादी नहीं है।

> कुछ विधायक भाजपा के संपर्क में हैं और चुनाव कमल के निशान पर लड़ेंगे। ऐसे में कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचेगा। कांग्रेस के मजबूरी में सरकार की पालकी ढोने की वजह से पार्टी को बड़ा नुकसान होने का अंदेशा है। कांग्रेस अपना आधार गंवा रही है, जिससे वह बिहार, उत्तर प्रदेश वाली स्थिति में जा सकती है।

राज्य सरकार कई तरह के आरोपों में फंसी है। मुख्यमंत्री के नाम से पत्थर माइंस की लीज की गई थी, जिसे लेकर चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। मुख्यमंत्री के विधायक भाई और पत्नी के ऊपर माइंस और जमीन लेने के आरोप हैं। मुख्यमंत्रियों के करीबियों के खिलाफ जांच चल रही है और फर्जी कंपनियों को लेकर हाई कोर्ट ने आदेश दिया है। इसके बावजूद सरकार को जिम्मेदार बनाने के लिए कांग्रेस कुछ नहीं कर रही है। कांग्रेस की ओर से कई बार साझा न्यूनतम कार्यक्रम बनाने और एक कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाने की मांग की गई लेकिन मुख्यमंत्री ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया।

मुख्यमंत्री कांग्रेस के समर्थन को फॉर गारंटेड मान कर चल रहे हैं। वे प्रदेश के हाई प्रोफाइल प्रभारी को भी कोई खास तवज्जो नहीं देते। प्रभारी ने दबाव बनाने के लिए कांग्रेस विधायकों को निर्देश दिया था कि वे सीएम से सीधे बात न करें लेकिन यह दबाव भी काम नहीं आया। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के अनेक विधायक मुख्यमंत्री के संपर्क में हैं और अगला चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा की टिकट से लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ विधायक भाजपा के संपर्क में हैं और चुनाव कमल के निशान पर लड़ेंगे। ऐसे में कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचेगा। कांग्रेस के मजबूरी में सरकार की पालकी ढोने की वजह से पार्टी को बड़ा नुकसान होने का अंदेशा है। कांग्रेस अपना आधार गंवा रही है, जिससे वह बिहार, उत्तर प्रदेश वाली स्थिति में जा सकती है।

## ब्याज बढ़ाने की हिम्मत रघुराम राजन ने दी

भारतीय रिजर्व बैंक को हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह नीतिगत ब्याज दरों में बदलाव करे। तभी आठ अप्रैल को हुई मौद्रिक समीक्षा समिति की दोमासिक बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। अगली मौद्रिक समीक्षा आठ जून को होनी थी लेकिन उससे पहले चार अप्रैल को रिजर्व बैंक ने आपात बैठक की और रेपो रेट में 0.40 अंक की बढ़ोतरी कर दी। इसके सथ ही केंद्रीय बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर भी बढ़ा दिया। रेपो रेट बढ़ाने से कर्ज महंगा होगा और सीआरआर बढ़ाने से बैंकों के पास नकदी कम होगी, जिससे वे कम कर्ज दे पाएंगे। महंगाई काबू करने के लिए यह कदम उठाया गया है लेकिन सवाल है कि रिजर्व बैंक को यह हिम्मत कहां से आई कि उसने न सिर्फ रेपो रेट बढ़ाया, बल्कि नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर भी बढ़ा दिया?

केंद्रीय बैंक को यह हिम्मत पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने दी है। पिछले महीने की मौद्रिक समीक्षा में जब बैंक ने ब्याज दर नहीं बढ़ाई तब रघुराम राजन ने एक इंटरव्यू में रिजर्व बैंक पर निशाना साधा और ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने के लिए उसकी आलोचना की। रघुराम राजन ने दो टूक अंदाज में कहा कि महंगाई काबू में करने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी करना कोई देशद्रोह नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए जरूरी है कि ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जाए। 25 अप्रैल को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि एक न एक दिन रिजर्व बैंक को ब्याज दर बढ़ानी ही होगी। इसके पांच दिन बाद अप्रैल का महंगाई का आंकड़ा आया और खुदरा महंगाई सात फीसदी के करीब पहुंच गई। तब रिजर्व बैंक ने हिम्मत जुटाई और दोमासिक समीक्षा बैठक का इंतजार किए बगैर आपात बैठक बुला कर ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर दी। यह शुरुआत है। आने वाले दिनों में ऐसी और बढ़ोतरी होगी।

> बोरे बासी जहां गर्मी के मौसम में ठंडकता प्रदान करता है, वहीं पेट विकार को दूर करने के साथ ही पाचन के लिए रामबाण डिश है। बोरे बासी पर्याप्त पौष्टिक आहार के रूप में उभर कर सामने आया है। बोरे बासी को लोग प्याज, टमाटर-हरी मिर्च की चटनी, आम का आचार, करमता बाजी, चेच भाजी, अमारी भाजी, बिजौरी व पापड़ आदि के साथ चाव से खाया जाता है। यह धीरे-धीरे हमारी रोज की चलन में आ गया और छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध डिश बन गया।

# गर्मी के मौसम में गुणकारी है बोरे बासी

डॉ.ओमप्रकाश डहरिया-जीएस. केशरवानी

किसी भी राज्य की संस्कृति में वहां की भौगोलिक परिस्थितियां काफी असर डालती है। छत्तीसगढ़ में देश के अन्य हिस्सों की तुलना में ज्यादा बारिश होती है, इसलिए यहां धान की फसल ली जाती है। धान की विपुल फसल होने के कारण छत्तीसगढ़ देशभर में धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध है। यहां के किसानों की आय के मुख्य जरिया भी धान की फसल है। यहां तीज त्यौहारों से लेकर दैनिक जीवन में चावल का बहुतायत से उपयोग होता है।

छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति-खान-पान, बोली-भाषा और वेश-भूषा पर गर्व की अनुभूति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर को प्रदेश में बोरे बासी दिवस के रूप में मनाने, सामूहिक रूप से बोरे बासी खाने का आह्वान किया गया। सामाजिक समरसता के साथ-साथ किसानों और श्रमवीरों का मान बढाने की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक परंपराओं, तीज-त्यौहारों को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।




छत्तीसगढ़ के लोकगायन में भी बोरे बासी का विवरण मिलता है। यह हमारी संस्कृति में रची-बसी है। यहां अमीर-गरीब सभी के घरों में इसे चाव से खाया जाता है। मेहमानों को भी इसे परोसा जाता है। लोक गायक शेख हुस्सैन जी ने बासी खाने वाले किसानों, श्रमवीरों के सम्मान के लिए 'बटकी म बासी अउ चुटकी म नून, मै हा गांवथव ददरिया तैहां कान दे के सुन' जैसा लोकगीत गाया।

गर्मी के मौसम में जब तापमान अधिक होता है तब छत्तीसगढ़ में बोरे बासी विशेष तौर पर खाई जाती है। यह लू से बचाने का काम करती है। वही दूसरी ओर इससे शरीर को कई प्रकार के पोषक तत्व भी मिलते हैं। उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों में यह शरीर में पानी की कमी को दूर करती है। इन्ही खूबियों के कारण बोरे बासी छत्तीसगढ़ में लोकप्रिय है। आमतौर पर घरों में पके हुए अतिरिक्त चावल के सदुपयोग के लिए बोरे बासी तैयार की जाती है। इसके गुणकारी महत्व को देखते हुए इसे घरो घर खाने का प्रचलन है।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति है कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में यदि अचानक कोई मेहमान आ जाये अथवा कोई व्यक्ति आ जाए तो वह भूखा न जाए। सुबह जब लोग काम पर जाए तो उसके लिए तात्कालिक तौर पर भोजन की व्यवस्था हो जाए शायद इसी उद्देश्य से उपलब्ध सदस्य से अधिक खाना बनाने का रिवाज प्रचलित है। रात के बचे हुए चावल को पानी में डुबाकर रख देते है और सुबह नास्ते या भोजन के तौर पर विशेष कर सबेरे से ही काम पर जाने वाले किसान और श्रमिक खाते है इसे ही 'बोरे बासी' कहा जाता है।

बोरे बासी जहां गर्मी के मौसम में ठंडकता प्रदान करता है, वहीं पेट विकार को दूर करने के साथ ही पाचन के लिए रामबाण डिश है। बोरे बासी पर्याप्त पौष्टिक आहार के रूप में उभर कर सामने आया है। बोरे बासी को लोग प्याज, टमाटर-हरी मिर्च की चटनी, आम का आचार, करमता बाजी, चेच भाजी, अमारी भाजी, बिजौरी व पापड़ आदि के साथ चाव से खाया जाता है। यह धीरे-धीरे हमारी रोज की चलन में आ गया और छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध डिश बन गया।

# शिक्षा में गिरावट, किसी की नजर नहीं

हरिशंकर व्यास

कोरोना वायरस की महामारी से सवा पांच लाख लोग मरे या 47 लाख लोगों की मौत हुई, इस पर बहस चल रही है। लेकिन महामारी ने लोगों को शारीरिक रूप से ही बीमार नहीं किया या सिर्फ जान ही नहीं ली, बल्कि मानसिक रूप से भी बहुत कमजोर किया है। दो साल की महामारी में अर्थव्यवस्था के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है, जिससे एक पूरी पीढ़ी का जीवन प्रभावित हुआ है। सोशल मीडिया में यह मजाक चलता है कि ऑनलाइन पढ़ाई करे डॉक्टरों की जो पीढ़ी तैयार हुई है वह कैसे इलाज करेगी। लेकिन यह सिर्फ मजाक का विषय नहीं है। सिर्फ ऑनलाइन पढ़ाई करने वालों की मेधा और अध्ययन पर ही असर नहीं हुआ है, बल्कि उससे ज्यादा असर उन बच्चों पर हुआ, जो पढ़ाई ही नहीं कर सके।

बच्चों और किशोरों के लिए कोरोना की महामारी अभिशाप बन कर आई। भारत में वैसे भी शिक्षा का बुनियादी ढांचा बहुत कमजोर है इसलिए स्कूल-कॉलेज बंद हुए तो तत्काल कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो पाई। दूसरे, कोरोना न फैले इस चिंता में लंबे समय तक स्कूल-कॉलेज पूरी तरह से बंद रखे गए। ऑनलाइन पढ़ाई का तमाशा चलता रहा, लेकिन हकीकत यह है कि दिल्ली जैसे राजधानी शहर में भी आधे से ज्यादा बच्चों के पास ऑनलाइन पढ़ाई का कोई जरिया उपलब्ध नहीं था और कुछ चुनिंदा शिक्षण संस्थानों को छोड़ कर ज्यादा संस्थानों के पास भी ऑनलाइन पढ़ाई सुचारू रूप से चलाने का कोई बुनियादी ढांचा नहीं था।



कोरोना की लहर के साथ लंबे समय तक स्कूल-कॉलेज बंद रहने का एक नतीजा यह हुआ कि शिक्षा की गुणवत्ता और निरंतरता दोनों प्रभावित हुई। इसका जिक्र इस साल बजट से पहले पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में भी किया गया। इसमें सरकार ने माना है कि लाखों बच्चे स्कूल छोड़ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 37 फीसदी बच्चे स्कूल छोड़ चुके हैं। सोचें, यह कितना बड़ा आंकड़ा है और यह स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के जीवन को किस हद तक प्रभावित करेगा? जाने माने अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने कुछ शोधकर्ताओं के साथ मिल कर स्कूलों में होने वाली ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई का अध्ययन किया है। अध्ययन के बाद 'स्कूल शिक्षा पर आपातकालीन रिपोर्ट' उन्होंने जारी की, जिसमें बताया कि देश के ग्रामीण इलाकों में सिर्फ आठ फीसदी बच्चों के पास ऑनलाइन अध्ययन की सुविधा उपलब्ध थी। इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 फीसदी बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी।

कोरोना महामारी के दौरान शिक्षा की स्थिति पर एक दूसरा अध्ययन अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। यूनिवर्सिटी ने पांच राज्यों में एक शोध कराया, जिसमें पता चला कि छात्रों के सीखने की क्षमता कम हुई है। यह प्रत्यक्ष रूप से प्रमाणित हुआ। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के शोध से पता चला कि बच्चों के बुनियादी ज्ञान, कौशल में कमी आई है। पढ़ने, समझने या गणित के आसान सवाल हल करने में भी वे पिछड़ गए हैं। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। यह पूरी पीढ़ी के पढ़ने और समझने की क्षमता कम हुई है। उनके जीवन के दो अहम साल खत्म हो गए हैं। उसकी भरपाई के लिए सरकार को तत्काल और बड़े पैमाने पर पहल करनी चाहिए। राज्यों में हजारों की संख्या में निजी स्कूल बंद होने की खबर है। बच्चों की संख्या और जरूरत के मुताबिक स्कूल शुरू कराने, शिक्षकों की भरती और पाठ्यक्रम में बदलाव करके बच्चों को हुए नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। यह काम जितनी जल्दी हो उतना अच्छा होगा।

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



दुखों का अंत नहीं चीत्कारों शोर मत करों, जो रास्ते हैं वो भी खत्म हो जायेंगे, मंजिल ओझल हो जायेंगे, शांत होकर मुकाबला करो।

-अंजली जैन
7024460938

# भाषा को लेकर चल रहा झगड़ा

अगर पूछा जाए कि भारत और दुनिया में भी क्षेत्र विशेष के लोगों को जोड़ने वाली सबसे मजबूत चीज कौन सी है तो उसका जवाब होगा- भाषा। जाति, धर्म से ऊपर भाषायी अस्मिता सबसे मजबूत होती है और सबसे नाजुक यानी संवेदनशील भी होती है। भारत के संदर्भ में इसे सिर्फ एक मिसाल से समझा जा सकता है। केंद्र सरकार ने 2019 के आखिर में नागरिकता कानून में संशोधन किया और धर्म के आधार पर नागरिकता के नए प्रावधान किए। लेकिन असम में यह कानून भाषा से जुड़ गया और इसका भाषायी आधार पर विवाद शुरू हो गया। असम के लोगों ने इस आधार पर विरोध किया कि अगर बांग्लादेश से आने वाले बांग्लाभाषियों को नागरिकता मिलेगी को असम की भाषा और संस्कृति खतरे में पड़ेगी। यह विवाद इतना बढ़ा कि भाजपा को 2021 के मध्य में होने वाले चुनाव में नुकसान की आशंका सताने लगी और उसने नागरिकता कानून को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

भारत में पहले भी भाषा का मुद्दा बहुत विवाद का रहा है और देश में भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन हुआ है। बांबे प्रांत से गुजराती और मराठी भाषा के आधार पर दो राज्य बने। उसी समय मराठी बोलने वालों का कुछ हिस्सा कर्नाटक में चला गया था, जिसे लेकर आज तक विवाद होता है। इसी तरह तमिलनाडु, कर्नाटक आदि राज्य भी भाषा के आधार पर बने। इसलिए आज अगर भाषा को लेकर कोई विवाद होता है तो उसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए, बल्कि उसे गंभीरता से लेना चाहिए। इसका कारण यह है कि भाषा का विवाद दूसरे विवादों को भड़काने का कारण बन सकता है और देश की एकता व अखंडता के सामने बड़ी चुनौती पैदा हो सकती है। ध्यान रहे यह देश एक बार धर्म के आधार पर बंट चुका है। इसलिए विभाजन बढ़ाने वाले किसी भी मुद्दे को जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी सुलझाना चाहिए।

राजनीतिक या निजी आर्थिक लाभ के लिए भाषा का विवाद शुरू करना बहुत खतरनाक हो सकता है। पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी को देश में संपर्क भाषा बनाने की बात कही थी। वह एक सामान्य बात थी, जिस पर किसी को भड़काऊ बयान देने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने किसी क्षेत्रीय भाषा को हटा कर हिंदी लागू करने की बात नहीं कही थी। उन्होंने अंग्रेजी को हटा कर हिंदी लाने की बात कही थी।





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239


























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर



### मदर्स डे पर मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से जरूरतमंद मां को मिली बड़ी सहायता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता से मदर्स डे पर एक जरूरतमंद माँ को बड़ी सहायता मिली है । मां की गुहार पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उसके बेटे का हाथ थाम लिया और बीमार बेटे के इलाज के लिए तीन दिनों के भीतर ही 4 लाख की सहायता राशि पहुंचा दी। दरअसल भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री रामानुजगंज विधानसभा के ताम्बेश्वरनगर गौठान में लोगों से मिलने पहुंचे थे। तभी रीना विश्वास ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसके बेटे को ट्यूमर है और इलाज में काफी पैसे खर्च हो चुके है। इलाज जारी रखने के लिए उसके पास पैसे नहीं है और यह कहते हुए वह रो पड़ी। मुख्यमंत्री ने न केवल रीना को ढांढस बंधाया बल्कि तत्काल 4 लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की। घोषणा के तीन दिन के भीतर ही रीना विश्वास के खाते में 4 लाख रुपये पहुंच गए है। पैसे मिलने पर रीना ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि जिस उम्मीद से मैंने अपनी बात रखी थी, मुख्यमंत्री ने हमें उम्मीद से दोगुना स्नेह लौटाया है। मेरी स्थिति जानकर मुख्यमंत्री ने जो मुझे तत्काल सहायता उपलब्ध करवाई है, मैं मानती हूँ कि ऐसा कोई संवेदनशील व्यक्ति ही कर सकता है। रीना बताती है कि कुछ साल पहले ट्यूमर की वजह से वो अपने पति को खो चुकी है लेकिन अब अपने बेटे को नही खोना चाहती है। मुख्यमंत्री के सहयोग से अब मेरे घर की खोई खुशियां लौट आएगी।

### भेंट-मुलाकात में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना, गोधन न्याय योजना के बारे में लिया फीडबैक

# मुख्यमंत्री ने शिक्षकों के स्कूल नहीं आने और शौचालय निर्माण का पैसा नहीं मिलने की शिकायतों पर दिए जांच के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के पांचवें दिन प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुमेरपुर में ग्रामीणों से रुबरु हुए। उन्होंने राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन के बारे में लोगों से फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री को ग्रामीणों ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और नरवा गरवा घुरवा बारी कार्यक्रम से हो रहे लाभों के बारे में बताया और इन योजनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बताया की गोबर से अब पेंट भी बनाया जाएगा। इससे बिजली उत्पादन भी किया जाएगा। स्वसहायता समूहों की महिलाएं बिजली बनाएंगे और इसे बेचकर पैसा भी कमाएंगी।

उन्होंने बताया कि सरकार अब गोबर के साथ गोमूत्र भी खरीदेगी।इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेल साय सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस . भारतीदासन भी उपस्थित थे।

भेंट-मुलाकात के दौरान स्कूल में शिक्षक नहीं आने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को इसकी जांच के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2016-17 में ग्राम पंचायत को शौचालय निर्माण की राशि का अब तक का भुगतान नहीं होने के संबंध में शिकायत की जांच के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों पर जरूर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुमेरपुर में पीडीएस राशन दुकान, आंगनबाड़ी केन्द्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बरगद और पीपल पेड़ के नीचे भेंट-मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना सहित गांव में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने चौपाल के पूर्व उप सरपंच श्री हरिप्रसाद साहू के घर भोजन ग्रहण किया। उन्होंने सादगी पूर्ण बनाए गए भोजन विशेषकर लाल भाजी की तारीफ की। भोजन में उन्होंने मुनगा बड़ी, मूंग हलवा, कढ़ी भी बहुत रूचि से ग्रहण की।



#### मुख्यमंत्री ने दी 56 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो की सौगात

मुख्यमंत्री ने यहां 56 करोड़ रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें करीब 28 लाख रुपए की लागत से निर्मित गणेशपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ क्वार्टर का लोकार्पण, 55.26 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 26 किलोमीटर लंबाई के सलका-कुंडोली मार्ग, चंदरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 28 लाख रुपए के स्टाफक्वार्टर और ग्राम कोट में 28 लाख रूपए की लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान उपस्थित गौठान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं से गोधन न्याय योजना के संबंध में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों से धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना के बारे में जानकारी ली।

ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात के लिए आज सुमेरपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) का अवलोकन किया। उन्होंने यहां कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और एएनएम से प्रतिदिन इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या और औसत मासिक ओपीडी के बारे में भी जानकारी ली। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि यहां उपचार के लिए रोजाना औसत 20-25 लोग आते हैं। हर महीने यहां औसत 350-400 ओपीडी होती है। मुख्यमंत्री ने उप स्वास्थ्य केन्द्र में दवा वितरण काउंटर और भंडार कक्ष भी देखा। उन्होंने जेनेरिक दवा वितरण, दवाईयों की उपलब्धता, स्टाक के रखरखाव और एक्सपायर्ड दवाईयों के निपटान के तरीकों की भी जानकारी ली।

#### मुख्यमंत्री ने सुमेरपुर ग्राम पंचायत भवन का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सुमेरपुर में ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिव से गांव में चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गांव में सिंचाई के लिए किए गए तालाब खुदाई के संबंध में पूछा। पंचायत सचिव ने मुख्यमंत्री को बताया कि गांव में अभी मनरेगा के अंतर्गत सड़क निर्माण, वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन और कचरा प्रबंधन का काम चल रहा है।

#### राशन दुकान का निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने सुमेरपुर में राशन दुकान के निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित हितग्राही श्री कौशल प्रसाद साहू को अपने सामने ही तौलकर राशन दिलवाया। राशन दुकान संचालिका ने पीओएस मशीन पर थंब इम्प्रेशन लेकर राशन सामग्री प्रदान की। श्री साहू ने 50 किलो चावल, दो किलो चना और दो किलो नमक प्राप्त किया। इन सामग्रियों के एवज में उन्हें मात्र 27 रूपए का भुगतान करना पड़ा।

#### मुख्यमंत्री ने आगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को भेंट की पोषण टोकरी

मुख्यमंत्री ने सुमेरपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को पोषण टोकरी भेंट की और बच्चों से बड़ी आत्मीयता से चर्चा की। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र खुलने और बंद होने के समय के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र में नियमित आने के लिए प्रेरित किया।

#### गौठान से आत्मनिर्भर हो रही महिलाएं

मुख्यमंत्री ने जनचौपाल में गौठान समितियों से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर गोधन न्याय योजना के बारे जानकारी ली। महिलाओं ने उत्साह से बताया कि अब वे घर खर्च के लिए पति पर निर्भर नहीं रहती। उन्होंने मुख्यमंत्री को गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट खाद की बिक्री तक विस्तार से जानकारी दी।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की इस साल की पहली किश्त 21 मई को जारी करेंगे: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आज भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के रामनगर पहुंचे। यहां अमराई की छांव में उन्होंने ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात की और उनसे शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र वासियों को 6 करोड़ 88 लाख रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात देने के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मांग पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।



मुख्यमंत्री ने रामनगर के लोगों के आग्रह पर वहां नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण कराए जाने, हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी के रूप में उन्नयन, सूरजपुर से रामनगर तक सड़क निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सूरजपुर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन का निर्माण और सूरजपुर में अत्याधुनिक जिम की स्थापना का भी ऐलान किया। ग्रामीणों की मांग पर राजस्व संबंधी कामकाज की सहूलियत के लिए माड़ी पौनी में नवीन तहसील कार्यालय की स्थापना की घोषणा की। इस दौरान प्रेमनगर के विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष खेल साय सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर ग्रामीणों से राजीव गांधी किसान योजना सहित अन्य योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इस साल की पहली किश्त की राशि प्रेमनगर-रामनगर सहित राज्य के लगभग 22 लाख किसानों को दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने गांव में स्थापित गौठान और गोधन न्याय योजना के जरिए गांवों में रोजगार एवं आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए लोगों से आगे आने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि गौठान ग्रामीणों की सामूहिक संपत्ति है, इसकी देखरेख, इसे बेहतर ढंग से संचालित करने और इसके माध्यम से लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री खुरसुरा गौठान का मुआयना किया और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने गौठान में महिला समूहों द्वारा आयमूलक विविध गतिविधियों के संचालन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। गौठान में महिला समूह द्वारा उत्पादित सब्जी को बाजार तक ले जाने के लिए ई-रिक्शा दिलाए जाने का भरोसा दिया। खुरसुरा गौठान में महिला समूह वहां निर्मित तालाब में मछली पालन करने के साथ ही बकरी पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन और दाल पिसाई मिल भी संचालित कर रही है। महिलाओं ने इस मौके पर मुख्यमंत्री को गौठान बाड़ी में उत्पादित सब्जियों से भरी टोकरी भेंट की और मुख्यमंत्री को खाने के लिए खीरा दिया। मुख्यमंत्री ने खीरा खाया और मीठास की तारीफ की। समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्हें आयमूलक गतिविधियों से अब तक साढ़े तीन लाख रूपए की शुद्ध आय हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 2.19 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सूरजपुर भैयाथान रोड़ परपीढ़ा से खड़गवां बरपारा चौक सड़क, 2.87 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 9.5 किलोमीटर लम्बी बसदेई शारदापारा सड़क, विश्रामपुर सामुदायिक केन्द्र में 40 लाख रूपए की लागत से निर्मित हमर लैब, विश्रामपुर अस्पताल में 32 लाख रूपए की लागत से निर्मित नवीन वार्ड तथा 68.38 लाख रूपए की लागत से निर्मित 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड का लोकार्पण करने साथ ही सूरजपुर जिला चिकित्सालय में 31 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले जी टाइप स्टाफ क्वाटर का शिलान्यास किया।

# भीषण गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए रहें जागरूक - सीएमएचओ

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। भीषण गर्मी से अनेक तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में सतर्कता व जागरूकता ही बचाव के लिए जरूरी है। शासन-प्रशासन की ओर से उपचार की व्यवस्था कर ली गई है लेकिन ज्यादा उचित है कि बचाव के उपायों को अपनाकर सुरक्षित रहा जाए। डॉ मुखर्जी ने बताया कि गर्मियों में लू अथवा हीट स्ट्रोक, फूड पॉइजनिंग, डिहाइड्रेशन, पीलिया, टाइफाइड, चिकन पॉक्स व स्किन सम्बन्धी समस्या बढ़ सकती है अतः सतर्क रहना जरूरी है वरना यह जानलेवा हो सकते हैं।

**लू से बचें :** डॉ मुखर्जी ने बताया कि लू यानी कि हीट स्ट्रोक जिसे मेडिकल टर्म में 'हाइपरथर्मिया' कहा जाता है। गर्मी के मौसम में होने वाली सबसे कॉमन बीमारियों में से ये एक है। लंबे समय तक तेज धूप में रहने के कारण लू की चपेट में आ सकते हैं। हीट स्ट्रोक होने पर सिर में तेज दर्द, तेज बुखार, उल्?टी, तेज सांस लेना,चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना या बेहोश हो जाना, यूरिन कम पास होना जैसे लक्षण आते हैं। इससे बचने के लिए कभी भी खाली पेट घर से बाहर ना निकलें। हाइड्रेट रहें और जहां तक हो सके खुद को ढक कर ही धूप में जाएं। कोशिश करें कि अतिआवश्यक न हो तो दोपहर 11 बजे से 4 बजे तक घर पर रहें।

**फूड पॉइजनिंग :** फूड पॉइजनिंग भी गर्मियों में होने वाली एक कॉमन समस्या है। यह दूषित भोजन या दूषित पानी के सेवन से होता है। इस मौसम में बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से ग्रोथ करते हैं, ऐसे में शरीर के अंदर अगर किसी तरह का बैक?टीरिया, वायरस, टॉक्सिन आदि चला जाए तो फूड पॉइजनिंग हो सकता है। इसके लक्षण की बात करें तो इसमें पेट दर्द, जी मिचलाना, दस्त, बुखार और शरीर में दर्द आदि होते हैं। इसमें ना सिर्फ पेट मरोड़ के साथ दर्द करता है, बल्कि डायरिया, उल्टी जैसी समस्याएं भी नजर आने लगती हैं। इसलिए इस मौसम में खुले में बिक रहा खाना, ठंडा खाना, बासी खाना या दूषित खाना आदि से बचना बहुत जरूरी है। कोशिश करें साफ और ताजा खाना खाएं।

**टायफाइड :** टायफाइड एक ऐसी बीमारी है जो दूषित पानी पीने से होती है। आमतौर पर जब संक्रमित बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश करता है तब टायफाइड की समस्या होती है। लक्षण- टायफाइड में तेज बुखार, भूख ना लगना, पेट में तेज दर्द होना, कमजोरी महसूस होना जैसे लक्षण नजर आते हैं।

बचाव- गर्मी के मौसम में टायफाइड का खतरा ज्यादा रहता है। इससे बचने के लिए बाहर का दूषित खाना ना खाएं और साफ पानी पिएं। टायफाइड से बचने के लिए वैक्सीन भी लिया जा सकता है। खसरा(चिकनपॉक्स)

गर्मियों में मीजल्स यानी खसरा और चिकनपॉक्स जैसी बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है।मीजल्स और चिकनपॉक्स दोनों ही वायरस से होने वाली बीमारी है।


RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians

समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफर्म से।

- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।

We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.

Pradeep Kumar Satpaty

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

DARE TO COMPARE



QUALITY & PRICE CHALLENGE
Compare! and you'll find no other mattress can give you the quality & price we offer!



RESTEGO MATTRESS
SANJAY RUI BHANDAR
Main Road Pandri, Raipur : 7987081626

## खास खबर

### केवल एक सौ से कम संख्या में ही प्रदर्शनकारी कर सकेंगे बूढ़ा तालाब धरना स्थल पर शांतिपूर्ण आंदोलन

**रायपुर।** रायपुर शहर के बूढा तालाब के सामने के धरना स्थल पर अब केवल एक सौ की संख्या में ही प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन कर सकेंगे इसके लिए भी प्रशासन से विधिवत अनुमति लेनी होगी। बूढा तालाब के सामने के वर्तमान धरना स्थल पर केवल शांतिपूर्ण आंदोलन की ही अनुमति रहेगी । यहाँ किसी भी प्रकार की रैली या जुलूस की अनुमति नही होगी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स, सराफा एसोसिएशन और स्थानीय पार्षद सहित आमजनो ने भी इस स्थल को जनता को हो रही असुविधा को देखते हुए अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की थी।

जिला कलेक्टर सौरभ कुमार ने बताया कि जन भावनाओं और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के इस बूढा तालाब के सामने के धरना स्थल को नवा रायपुर के राज्योत्सव मैदान के सामने स्थान्तरित किया जा रहा है। इस बारे में जिला प्रशासन ने आदेश भी जारी कर दिया है। अब बूढा तालाब के सामने वाले स्थल पर केवल एक सौ लोग ही शांतिपूर्ण आंदोलन कर सकेंगे। एक सौ से ज्यादा की संख्या में प्रदर्शनकारियों को आंदोलन के लिये राज्योत्सव मैदान निर्धारित होगा।

कलेक्टर ने बताया कि बूढा तालाब के सामने के स्थल पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के जमावड़े से आमजनो को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। आने जाने की असुविधा, बार बार जाम की स्थिति के साथ आस पास की दुकानें भी बंद करनी पड़ रही थी जिस से लोगो को जरूरत की चीजों के लिए भी भटकना पड़ रहा था। इसके साथ ही निकट ही संचालित दानी गर्लस स्कूल और सप्रे शाला के विद्यार्थियों को भी स्कूल आने जाने में परेशानी हो रही थी जिस से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। कुमार ने बताया कि लोगो की सुविधा के लिए स्थानीय पार्षद, जनप्रतिनिधियों और अन्य संगठनों की मांग पर धरना स्थल को नवा रायपुर राज्योत्सव मैदान के सामने स्थानांतरित किया गया है। साथ ही पुराने धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों की संख्या अधिकतम एक सौ निर्धारित की गई है।

### प्रथम और द्वितीय डोज़ मिलाकर प्रदेश में कोरोना टीकाकरण का आंकड़ा 4 करोड़ के पार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में 07 मई तक कोरोना से बचाव हेतु कुल चार करोड़ 4 लाख 4 हजार 333 टीके लगाए गए हैं। इनमें से 2 करोड़ 18 लाख 11 हजार 092 टीके प्रथम डोज के रूप में, एक करोड़ 80 लाख 97 हजार 282 द्वितीय डोज के रूप में और चार लाख 95 हजार 959 टीके प्रीकॉशन डोज के तौर पर लगाए गए हैं। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु की 87 प्रतिशत आबादी को कोरोना से बचाव का दोनों टीका लगाया जा चुका है। वहीं 15 वर्ष से 18 वर्ष के 51 प्रतिशत किशोरों को इसका दोनों टीका लगाया जा चुका है। प्रदेश में 12 वर्ष से 14 वर्ष के 1 लाख 78 हजार 760 बच्चों को भी दोनों टीका लगाया जा चुका है। राज्य में 18 वर्ष से अधिक के एक करोड़ 70 लाख 82 हजार 851 नागरिकों और 15 वर्ष से 18 वर्ष के आठ लाख 35 हजार 671 किशोरों को कोरोना से बचाव के लिए टीके की दोनों खुराकें दी जा चुकी हैं।

### गंगा सप्तमी पर नदियों को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प, सफाई कर खारुन को साफ रखने का संदेश

**रायपुर ( ए )।** हिंदू संवत्सर के वैशाख शुक्ल सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी के रूप में मनाया गया। मां गायत्री और गंगाजी की पूजा करके पवित्र नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने खारुन नदी के महादेवघाट तट की सफाई करके नदियों को साफ रखने का संदेश दिया। अखिल विश्व गायत्री परिवार रायपुर के नेतृत्व में गंगा सप्तमी पर स्थानीय नदी, तालाबों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेकर खारुन नदी की सफाई कर निर्मल गंगा अभियान की शुरुआत की गई। खारुन नदी की सफाई में युवा प्रकोष्ठ से दिनेश निषाद, महेंद्र वर्मा, खोमन साहू, नेहा बघेल, माधुरी साहू, रीना निषाद, नंदकिशोर कोसरकर, हितेश साहू, मृत्युंजय प्रजापति, प्रकाश साहू, राजेश शर्मा, ताराचंद, ललेश्वर प्रधान, रामलाल पेंडरिया, घनश्याम केसरवानी, विनोद कौशिक, हीरालाल निषाद ने सहयोग किया। इस अभियान के तहत इस वर्ष गायत्री परिजन स्वच्छ जल के संरक्षण के लिए अपने शहर के आसपास स्थित नदी, तालाबों की सफाई करेंगे।

## भेंट-मुलाकात अभियान

# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए उमेश्वरपुर में गठित होगी नवीन उप तहसीलः भूपेश बघेल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात अभियान के पांचवें दिन प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवापाराकला में आयोजित सभा में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उनके आग्रह पर क्षेत्र में विकास कार्यों और जन-सुविधाओं से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने नवापाराकला गेजी मार्ग में गेज नदी पर नए पुल के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने प्रेमनगर-उमेश्वरपुर क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण एवं निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए नये विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना, राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं प्रशासनिक कसावट के लिए उमेश्वरपुर में नवीन उप तहसील के गठन की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने पेयजल की समस्या से जूझ रहे गांवों में सौर ऊर्जा चलित पम्प के माध्यम से पेयजल की सुविधा देने, प्रेमनगर के उच्चतर माध्यमिक स्कूल के लिए नवीन भवन, चौरी पहाड़ स्थित देवस्थल में सुविधाओं के विस्तार, मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों की स्वीकृति की भी घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां आवश्यकता होगी वहां सौर ऊर्जा चलित पम्प के माध्यम से सिंचाई सुविधा का विस्तार किया जाएगा।

**प्रेमनगर में उच्चतर माध्यमिक स्कूल के लिए नवीन भवन की घोषणा**

**चौरी पहाड़ स्थित देवस्थल में सुविधाओं का होगा विस्तार**

**मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से सड़कों का होगा सुधार**

**दसवीं की छात्रा यशोदा को मिला महतारी दुलार योजना का लाभ**

मुख्यमंत्री बघेल ने आमजनता से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में कहा कि मैं यह जानने निकला हूं कि शासन की योजना का लाभ आमजन को मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोगों को नियमों के तहत अभियान चलाकर वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार रिकॉर्ड 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। छत्तीसगढ़ में धान का जितना मूल्य मिल रहा है उतना पूरे देश में कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने गौ-माता की सेवा की है, गोबर खरीद रहे हैं और आगे गौमूत्र भी खरीदेंगे। गौमाता की तरह हमें धरती माता की भी सेवा करनी है, इसके लिए खेतों में वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करना होगा जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी।

भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान प्रेमनगर विकासखण्ड सरपंच संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र मरकाम ने पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करने पर मुख्यमंत्री बघेल को संघ की ओर से धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने सरपंच संघ के अध्यक्ष द्वारा पंचायत के कार्यों में कमीशन की शिकायत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कोई पर्टिकुलर शिकायत हो तो बताएं, इसकी जांच करा के कार्यवाई की जाएगी। ईओडब्ल्यू, थाने या स्वयं उनसे या जनप्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि इसकी जांच कराकर कार्यवाई की जाएगी।

### यशोदा को मिला महतारी दुलार योजना का लाभ

नवापाराकला की दसवीं की छात्रा सुश्री यशोदा ने महतारी दुलार योजना का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। यशोदा ने बताया कि कोरोना से उनकी मां की मृत्यु हो गयी थी। इस योजना की वजह से उसकी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी है। सुश्री यशोदा अपनी मां के इच्छा अनुरूप शासकीय सेवक के रूप में अपना भविष्य संवारना चाहती हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए पीएससी एवं व्यापम के अभ्यर्थियों के शुल्क माफी के लिए राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय पर भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### रामभगत ने गोबर बेचकर कमाए 40 हजार रूपए

कार्यक्रम के दौरान नवापाराकला के किसान रामभगत ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचकर उन्हें इस साल लगभग 40 हजार रूपए की आमदनी हुई है। मुख्यमंत्री द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उनके पास 15 से 20 मवेशी है।

### डेयरी सब्सिडी नहीं मिलने की शिकायत पर जांच के निर्देश

मुख्यमंत्री को केदारपुर के किसान अमरजीत कुर्रे ने बताया कि उन्हें डेयरी की सब्सिडी अब तक नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका नाम और गांव नोट कर लिया है। जो भी गड़बड़ी किया है उस पर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल सब्सिडी देने के निर्देश दिए।

### गोधन न्याय योजना लागू करने के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया

मुख्यमंत्री ने नवापाराकला गौठान की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए जा रहे झाड़ू, टोकरी एवं अन्य स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली। गोधन न्याय योजना लागू करने के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस योजना के संचालन से उनकी आर्थिक तंगी दूर हुई है, और उन्हें रोजगार मिला है।

### मुख्यमंत्री ने नवापाराकला उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट-मुलाकात अभियान के पांचवें दिन प्रेमनगर विधानसभा के ग्राम नवापाराकला पहुंचे। उन्होंने नवापाराकला उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं, वार्ड में सफाई एवं उपकरणों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों से केंद्र में उपलब्ध दवाइओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से केन्द्र में होने वाले संस्थागत प्रसव की संख्या, ओपीडी रजिस्टर एवं मरीजों के इलाज के लिए बनने वाली पर्ची की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवापाराकला स्थित कबीर चौरा में समाज के लोगों के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवँ खुशहाली की कामना की।

### नवापाराकला के चौपाल में ग्रामीणों को मिली विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रेमनगर विकासखण्ड के तीन ग्राम पंचायतों में लगभग 4 करोड़ 27 लाख रूपए की लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री बघेल ने प्रेमनगर में 2.5 करोड़ की लागत से नवीन सामुदायिक भवन, ग्राम कोटेया में 1.5 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास भवन का शिलान्यास और 27.2 लाख की लागत से ग्राम महंगई में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण किया।

## गौठान से मिला काम, आय से बढ़ा आत्मविश्वास

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान की कड़ी में आज प्रेमनगर विधानसभा के अंतर्गत रामनगर में पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल खरसुरा गौठान का जायजा लेने पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने गौठान से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की और गौठान संचालन समेत गौठान से हो रहे फायदों पर महिलाओं से जानकारी ली। मुख्यमंत्री से बातचीत में महिलाओं ने बताया कि अब उनके पास भी काम है। गौठान उनके लिए आय का जरिया बन चुका है, महिलाएं अब अपनी छोटी-मोटी जरूरत स्वयं पूरा कर रही हैं। आय बढ़ने के साथ उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ा है। गोधन न्याय योजना के जरिए आवारा मवेशियों के लिए ठिकाना तय करने के साथ ही गौठानों को रोजगार सृजन के केन्द्र के रूप में विकसित करने जैसी अनोखी पहल के लिए समूह की



महिलाओं ने मुख्यमंत्री बघेल का अभिवादन किया और आभार जताया।

स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि, गौठान अब महिलाओं के लिए रोजगार के केन्द्र के रूप में विकसित हो चुका है। खरसुरा गौठान से जुड़कर 40 महिलाएं काम कर रही हैं। यहां गौठान में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट से लेकर महिलाएं अनेक तरह के उत्पाद का निर्माण कर रही हैं। इन महिलाओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि, श्री बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की पहल पर उन्हें काम मिला, पहचान मिली और वे आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर हो सकी हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह सब आपकी मेहनत का परिणाम है कि आप अपने परिवार की आर्थिक सहायता कर पा रही हैं। स्वयं को आर्थिक संबल बनाने के साथ ही परिवार की संबलता में योगदान दे पा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महिला समूहों के कार्यों सराहना करते हुए एक ई -रिक्शा प्रदान करने की बात कही ताकि उन्हें गौठान में उत्पादित सब्जियों को बाजार तक ले जाने में सहूलियत हो।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने गोधन न्याय योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत की राज्यभर में आदर्श गौठान निर्मित किए जा रहे हैं। इन गौठानों को रुरल इंडस्ट्रियल पार्क की तरह भी विकसित किया जा रहा है। जहां न सिर्फ मवेशियों को ठिकाना मिला है, बल्कि लोगों के लिए रोजगार भी सृजित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि गौठान में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कस्पोस्ट, सुपर प्लस कम्पोस्ट, दीये, गमला, गो-काष्ठ जैसे उत्पाद तो बनाए ही जा रहे हैं साथ ही मछलीपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, सब्जी उत्पादन जैसी गतिविधियों का संचालन कर आय के कई स्त्रोत भी विकसित कर लिए गए हैं। इसके अलावा दाल पिसाई मिल भी स्थापित कर लिया गया है।

## महतारी दुलार से मुमकिन हुई मुस्कान की पढ़ाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट-मुलाकात अभियान के तहत सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राम नगर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां अमराई की छांव में लोगों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और इस मौके पर लोगों से शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाने की अपील की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का इस मौके पर स्कूली छात्रा मुस्कान प्रजापति ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया और बताया कि महतारी दुलार योजना के जरिए ही वह आगे की पढ़ाई कर पा रही है। मुस्कान ने बताया कि उसके पिता हरिलाल प्रजापति का निधन कोरोना के चलते हो गया था, पिता के मृत्यु के बाद आगे की पढ़ाई उसके लिए नामुमकिन थी, परंतु कोरोना के चलते अपने माता-पिता के खो चुके बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उठाने और इसके लिए महतारी दुलार योजना लागू करने बेसहारा बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए सहारा मिल गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को स्कूली छात्र पिंकी राजवाड़े ने बताया कि वह कक्षा 12वीं की छात्रा है। सरस्वती साइकल योजना के माध्यम से शासन द्वारा सायकल मिलने से स्कूल आना जाना आसान हो गया है, यदि शासन से सायकल नहीं मिलती तो वह 11वीं, 12वीं की पढ़ाई नहीं कर पाती। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की हर घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार लोगों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दोनों बालिकाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर भविष्य की मंगल कामना की।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# कंट्रोवर्सी से भरा था मुनव्वर के लॉक अप का सफर, कम उम्र से ही विवादों से जुड़ा है नाता



इंतजार खत्म हुआ। कंगना रनोट के रियलिटी शो लॉक अप को अपने पहले सीजन का विनर मिल गया है। करीब 70 दिनों तक चले इस शो को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। शुरुआत से ही शो सुर्खियों में बना हुआ था। मुनव्वर फारूकी, कंगना की अत्याचारी जेल का खिताब भी जीत चुके हैं। इस जीत में इन्हें चमचमाती ट्रॉफी के साथ 20 लाख रुपए कैश और कार भी मिला है। शो के फिनाले में टॉप 6 में प्रिंस नरुला, मुनव्वर फारूकी, पायल रोहतगी, अंजलि अरोड़ा, शिवम शर्मा और अजमा फल्लाह ने जगह बनाई थी। बाकी सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए मुनव्वर ने यह ट्रॉफी अपने नाम कर ली। कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी का यह सफर आसान नहीं था। शुरुआत से ही यह इस लॉक अप में रहने के लिए स्ट्रगल कर रहें थे। इस शो में इन्हें सर्वाइव करने के लिए कभी अपने लाइफ का कोई सीक्रेट रीवील करना पड़ा तो कभी इनका लव एंगल सायशा और अंजली के साथ दिखाया गया है।

### स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ बर्तन की दुकान में काम करना पड़ा

असल जिदंगी में भी मुनव्वर का सफर उतार-चढ़ाव से भरा हुआ था। लॉक अप विनर का जन्म 28 जनवरी 1992 में गुजरात, जूनागढ़ की एक मुस्लिम फैमिली में हुआ था। 2002 में हुए दंगों की वजह से मुनव्वर की फैमिली गुजरात से मुंबई आ गई थी।

परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी ना होने की वजह से मुनव्वर ने महज 17 साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। इतना ही नहीं इनके लाइफ में एक वक्त ऐसा भी था, जब इन्हें स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ बर्तन की दुकान में काम करना पड़ा।

फिर 20 साल के उम्र में मुनव्वर ने बतौर ग्राफिक डिजाइनर काम करना शुरु किया। 2017 में ओटीटी प्लेटफॉर्म के आने के बाद इन्होंने एक कॉमेडियन के रूप में काम करना शुरू कर दिया।

### हिंदू देवी-देवताओं पर कंट्रोवर्शियल कमेंट करने का आरोप लगा था

साल 2021 में मुनव्वर अपने स्टैंडअप कॉमेडी शो के लिए मध्य प्रदेश के इंदौर दौरे पर थे। लेकिन इसी दौरान इन पर हिंदू देवी-देवताओं पर कंट्रोवर्शियल कमेंट करने का आरोप लगा था। फिर मामले पर संज्ञान लेते हुए इनको अरेस्ट किया गया। एक महीने वह जेल में रहे। फिर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार इनको जेल से रिहा किया गया।

### कंगना रनोट की नेपोटिज्म वाली बात पर भी निशाना साधा

मुनव्वर ने साल 2021 में कंगना रनोट की नेपोटिज्म वाली बात, उनके ट्वीट और उनके विचारों पर भी निशाना साधा था। इन्होंने ट्वीट किया था कि कंगना नेपोटिज्म के खिलाफ हैं, लेकिन खुद की बहन को मैनेजर रखा है।

### काफी कम उम्र में उनकी शादी हो गई थी

मुनव्वर ने शो में अपनी जिंदगी का एक बड़ा खुलासा भी किया था। मुनव्वर ने बताया कि काफी कम उम्र में इनकी शादी हो गई थी। यही नहीं, इनका एक बच्चा भी है, पर वो करीब 2 साल से अपनी वाइफ के साथ नहीं रह रहे हैं और मामला कोर्ट तक पहुंच चुका है। इसलिए वो पब्लिक में इस पर कुछ भी बोलने से बचते हैं।

### मां ने एसिड पीकर सुसाइड कर लिया था

कंगना रनोट की जेल लॉक अप में मुनव्वर फारूकी को एक बार फिर अपना सीक्रेट शेयर करने का मौका मिला था। इस दौरान इन्होंने बताया था कि उनकी मां ने एसिड पीकर सुसाइड कर लिया था। उनको अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां कुछ काम बना नहीं और उनकी मौत हो गई थी। मुनव्वर के मुताबिक, उन्हें डॉक्टर्स ने बताया था कि उनकी मां ने 8 दिनों से कुछ भी खाया-पीया नहीं था। वह अपनी 22 साल की शादीशुदा जिंदगी में कभी खुश नहीं थीं। उन्हें हमेशा पिटते हुए ही देखा था।


### 6 साल की उम्र में यौन शोषण हुआ था

मुनव्वर फारूकी ने यह भी बताया था कि जब वह 6 साल के थे तब इनका यौन शोषण हुआ था और ऐसा करने वाले उनके रिश्तेदार थे। ये सब उनके साथ 4-5 साल तक चला और बाद में जब लगा कि ज्यादा हो रहा है, तो उन लोगों ने ये सब बंद कर दिया। इस बारे में जब मुनव्वर ने अपने पापा को बताया, तो उन्होंने उल्टा डाट दिया था।

इंडस्ट्री में संजू बाबा के 41 साल

# केजीएफ-2 स्टार संजय दत्त ने शेयर की स्पेशल पोस्ट, फैंस का शुक्रिया अदा भी किया

एक्टर संजय दत्त को आज (8 मई) फिल्म इंडस्ट्री में 41 साल पूरे हो गए हैं। इस खास मौके पर संजय दत्त ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। पोस्ट के साथ संजय ने साल 1981 में रिलीज हुई अपनी डेब्यू फिल्म 'रॉकी' का एक थ्रोबैक फोटो शेयर किया है।



### सभी फैंस और शुभचिंतकों का मनोरंजन करता रहूंगा

संजय दत्त ने फोटो शेयर कर कैप्शन में लिखा, 4 दशक + 1 साल निश्चित रूप से एक लाइफटाइम जर्नी है। रॉकी के रूप में तब और अधीरा के रूप में अब आप सभी ने मुझे जो प्यार दिया, उसके लिए धन्यवाद। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में मैं अपने सभी फैंस और शुभचिंतकों का मनोरंजन करता रहूंगा। #41YearsOfCinema।

### मदर्स डे पर मां नरगिस को किया याद


संजय ने इस पोस्ट के अलावा आज मदर्स डे के अवसर पर अपनी मां नरगिस की याद में भी एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपने पिता सुनील दत्त और मां नरगिस के साथ की एक थ्रोबैक फोटो शेयर कर लिखा, मां, आपने मुझे कड़ी मेहनत, धैर्य, नम्रता, दया, क्षमा, समझ... और लाइफ में मौज-मस्ती करने के बारे में सब कुछ सिखाया। धन्यवाद कभी भी पर्याप्त नहीं होगा, लेकिन मैं आपको अपनी मां के रूप में पाने के लिए आभारी हूं। मेरी और सभी माताओं को #HappyMothersDay।

# मां का दर्जा भगवान के एकदम करीब, मदर्स डे हर दिन सेलिब्रेट करना चाहिएः भाग्यश्री

'मदर्स डे' के इस खास मौके पर एक्ट्रेस भाग्यश्री ने कई बातें शेयर की हैं। भाग्यश्री ने बताया कि मदर्स डे सुनते ही सबसे पहले मन में बात आती है कि माओं को सेलिब्रेट करने के लिए एक दिन काफी नहीं है। मां 24 घंटे अपने बच्चों की देखभाल करती हैं, उनके बारे में ही सोचती हैं। मदर्स डे तो हर दिन होता है।

### वर्तमान माहौल को देखते हुए बच्चों की बेसिक परवरिश किस रूप में होनी चाहिए?

आजकल यह प्रथा चली है कि भई! बच्चों के दोस्त बन जाओ। मैं यह सोचती हूं कि दोस्त तो जिंदगी में बहुत बनते हैं, पर मां-बाप तो एक ही सेट होता है। अगर मां-बाप का ओहदा छोड़कर दोस्त बन जाएं, तब बच्चों के सिर पर जो हाथ रहता है या उनको मालूम है कि पीठ पीछे एक सपोर्ट सिस्टम है, वह चीज ही निकल जाती है। हां, आप दोस्ती के रूप में बात कर सकते हो, उनकी मन की बातें जान सकते हो, उनको आश्वासन दे सकते हो कि आप हमें जो बता रहे हो, वह हम खुले मन-मस्तिष्क से सुनेंगे। यह सारी चीज कर सकते हो, लेकिन जब आप बोलते हो कि हम हमारे बच्चों के दोस्त हैं, फिर मां-बाप क्या करेंगे! जब मां-बाप होते हैं, तब हर इंसान को लगता है कि हमारे सिर पर हाथ है। कोई है, जो हमें संभालने वाला है, कोई है, जो हमारी ताकत बन सकता है। जब हम तकलीफ में होंगे, तब उनकी गोदी में सर रख सकते हैं। उनके कंधे पर सिर रखकर रो सकते हैं। ये सारी शक्ति जब मां-बाप होते हैं, तब मिलती है।



### आपने अपना अच्छा-खासा करियर छोड़कर बच्चों की परवरिश में लगा दिया, बतौर मां किस रूप में बदलाव देख पा रही हैं?

मैं खुद की बात करती हूं, मेरे बच्चों ने मेरी जिंदगी संवार दी। उन्होंने जो मुझे खुशी दी या उन्हें देखकर उल्लास महसूस हुआ, वह और किसी चीज में नहीं हुआ। मतलब मेरे लिए मेरे बच्चे सब कुछ हैं। उनकी छोटी-छोटी चीजों में मुझे बेहद खुशी मिलती थी। जैसे- उनके लिए खाना बनाना, उनको स्कूल में छोड़ना, उनके साथ बैठकर होमवर्क करना। उस वक्त मनोरंजन के लिए टीवी वगैरह इतना नहीं था, तब बच्चों के साथ बहुत सारी चीजें खेलती थी। मैं बहुत यंग मदर थी। हम इनडोर-आउटडोर गेम्स खेलती थी। मैंने बच्चों के साथ खो-खो खेला है, लुक्का-छुप्पी भी खेली है। ये सारी बातें आजकल नहीं हो सकती या लोग नहीं करते हैं। लेकिन यह सब उस दौरान मैंने खूब किए और उसके मजे लिए।

### आज बच्चों को देखकर बतौर मां मन में किस तरह से हर्ष-उल्लास आता है?

जब बच्चों के नाम से मां जानी जाए, उससे बेहतर कोई खुशी नहीं है। आज अभिमन्यु और अवंतिका का नाम लेकर मुझे बुला रहे हो, तब मां के लिए इससे ज्यादा खुशी और क्या हो सकती है। बच्चे अपने से आगे बढ़ रहे हैं।

### आप यंग मदर थीं, लेकिन आज देखा जा रहा है कि 40 की उम्र में भी बहुत सारी महिलाएं मां जैसी बड़ी जिम्मेदारी लेने से बच रही हैं, क्या कहेंगी?

देखिए, हर किसी की प्रायोरिटी अलग होती है, उसकी जिंदगी का मकसद अलग होता है। जिंदगी जीने का तौर-तरीका अलग होता है। मैं उनको नीचा नहीं दिखाऊंगी और न तो उनको सिखाने की कोशिश करूंगी, क्योंकि सब लोगों का अपने जीवन का अलग ध्येय होता है। मैं सिर्फ अपने लिए कह सकती हूं कि मैंने जिन चीजों को छोड़ी, उस वक्त वह बहुत जरूरी थी। मैंने अपने बच्चों का बचपन एंजॉय किया है। हर कदम उनका साथ दिया है। उनको बड़ा करने में जो फाउंडेशन होता है, वह सही तौर-तरीके से किया है। अगर कहीं वे गुमराह भी हो जाएं, तब जिंदगी के प्रिंसिपल याद आते ही सही रास्ते पर आ जाएंगे। उसके लिए किसी के सहारे की जरूरत नहीं है। मेरे ख्याल से बहुत सारी बातें बच्चों को सिखाने से नहीं, अपनी मां को देखकर सीखते हैं। उनके सामने जो भी कुछ करते हो, उसे देखकर सीखते हैं। जैसे बच्चों को बोलो कि चलो रोज सुबह भगवान को प्रणाम करो, तब शायद नहीं करेंगे। लेकिन रोजाना यही चीज मां को रोजाना करते हुए देखते हैं कि वह भगवान का ध्यान करती है, तब बच्चे अपने आप आकर बगल में खड़े हो जाते हैं।

# डॉक्टर स्ट्रेंज' ने नहीं वांडा ने किया लोगों को आकर्षित जानिए कैसे बदला स्कार्लेट विच का किरदार

'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' ने रिलीज के साथ ही दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म ने लोगों के ऊपर अपना अच्छा प्रभाव डाला है। सामने आए पहले पब्लिक रिव्यू को देखकर तो यही लगता है कि फिल्म में लोगों ने सबसे ज्यादा पसंद एलिजाबेथ ओल्सन के किरदारों को किया है। स्कार्लेट विच ने इस फिल्म तक अपने किरदारों में जान डालने के लिए एमसीयू में काफी लंबा सफर तय किया है। अपनी शुरुआती फिल्मों में उन्हें कई बार अपने से लोकप्रिया किरदारों की वजह से इग्नोरेंस का सामना करना पड़ा था। लेकिन 'एवेंजर्सः इन्फिनिटी वॉर' की कहानी में इस यूनिरवर्स ने वांडा के किरदार को महत्व दिया और दर्शकों को उसका फैन बना दिया। इसके बाद साल 2021 में सीरीज 'वांडा विजन' ने इस किरदार को सही मायने में दर्शकों तक पहुंचाया और इसे मार्वल के सबसे पसंदीदा सुपरहीरोज में से एक बना दिया। उसकी कहानी को 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में आगे बढ़ाया जा रहा है। तो इस वांडा और स्कार्लेट विच के किरदार को सही ढंग से समझने के लिए चलिए नजर डालते हैं उनकी इससे पहले एमसीयू फिल्मों की उपस्थिति पर।



### कैप्टन अमेरिकाः द विंटर सोल्जर

'स्कार्लेट विच' को पहली बार साल 2014 में आई फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः द विंटर सोल्जर' में देखा गया था। हाइड्रा लीडर बैरन वॉन स्ट्रकर को अपने जुड़वां टेस्ट सब्जेक्ट्स - वांडा मैक्सिमॉफ और उसके भाई पिएत्रो को देखते हुए दिखाया जाता है उस समय पहली बार वह स्क्रीन पर नजर आई थीं। इन दोनों को लोकी की स्टिक उर्फ द माइंड स्टोन के जरिए शक्तियां दी जाती है।

### एवेंजर्सः एज ऑफ अल्ट्रॉन

2014 में पहली बार एमसीयू में नजर आने के बाद मैक्सिमॉफ भाई-बहन, उनकी मानसिक क्षमताओं और सुपर-स्पीड के साथ 'एवेंजर्सः एज ऑफ अल्ट्रॉन' में सही ढंग से सभी के सामने आते हैं। यह दोनों फिल्म में बाकी सुपरहीरोज के लिए बड़ी एक चुनौती साबित होते हैं। खासकर, जब वह अल्ट्रॉन के साथ मिलकर काम एवेंजर्स के खिलाफ काम करते हैं। लेकिन फिल्म का क्लाइमैक्स आने तक इन दोनों किरदारों की छवी को निगेटिव से पॉजिटिव में बदल दिया जाता है। मेकर्स ने पिएत्रो के किरदार को इसी फिल्म में खत्म कर दिया था। अपनी भाई की मौत के बाद वांडा गुस्से में आकर बदला लेने के लिए उतारू हो जाती है।

### कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर

'कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर' में वांडा की एक महत्वपूर्ण भूमिका दिखाई गई थी। क्रॉसबॉन्स के बम को नष्ट करने का उसका असफल प्रयास लागोस में हुई तबाही का बढ़ा कारण बन जाता है। वांडा के द्वारा की गई इसी घटना ने सोकोविया समझौते को बढ़ावा दिया था। विजन के लिए उसकी बढ़ती भावनाओं के बावजूद, वांडा ने इस समझौते के विरोध में रही कैप्टन अमेरिका की टीम का पक्ष लिया और आयरन मैन के साथ लड़ने में कैप्टन का साथ दिया था।

### एवेंजर्सः इन्फिनिटी वॉर

'एवेंजर्सः इन्फिनिटी वॉर' की शुरुआत में दिखाया गया था कि वांडा और विजन दोनों स्कॉटलैंड में एवेंजर्स से दूर एक आम जिंदगी जी रहे हैं। हालांकि, जब थानोस के ब्लैक ऑर्डर ने हमला किया, उससे विजन बुरी तरह घायल हो जाता है। बाद में फिल्म में वांडा ने खुद ही विजन को मारना पड़ता है क्योंकि वह दोनों नहीं चाहते हैं कि थानोस को माइंड स्टोन मिले। लेकिन थानोस ने समय में पीछे जाकर विजन का माइंड स्टोन निकाल लिया। फिल्म के क्लाइमैक्स में वांडा भी धूल में बदल जाती है।

### एवेंजर्सः एंडगेम

'एवेंजर्सः एंडगेम' में गुस्से और दुख से भरी हुई वांडा की वापसी होती है। थानोस के खिलाफ इस आखिरी लड़ाई में वांडा ने आखिरी तक एवेंजर्स का साथ दिया।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























## खास खबर

### ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूरों को मिलेगी 7 हजार रूपए की मदद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज रामनगर लोगों से भेंट-मुलाकात के दौरान वहां मौजूद ग्राम दतिमा के अलाउद्दीन ने राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दो किश्तों में मिली आर्थिक मदद के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया। अलाउद्दीन ने कहा कि कृषि भूमिहीन परिवारों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की यह योजना एक सम्बल बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के गरीब और बेसहारा लोगों को न्याय और आर्थिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साढ़े तीन लाख से अधिक कृषि भूमिहीन परिवारों को 6 हजार रूपए की वार्षिक मदद दी जा रही थी, अब इसे बढ़ाकर 7 हजार रूपए प्रति परिवार प्रति वर्ष कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के नये प्रावधान के तहत अब पंजीकृत परिवारों को राशि दी जाएगी। योजना के तहत प्रथम किश्त की राशि 3500 रूपए शीघ्र जारी की जाएगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बीते वित्तीय वर्ष में ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर परिवारों को 226 करोड़ 18 लाख रूपए की आर्थिक मदद दी गई थी।

### राजापड़ाव क्षेत्र में नल जल योजना से बदल रही है गांव की तस्वीर

**गरियाबंद।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना से गांव की तस्वीरें बदलती नजर आ रही है जिला गरियाबंद के मैनपुर ब्लाक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां भौगोलिक बनावट के कारण अलग-अलग तरह की चुनौतियां खड़ी होती है नल जल योजना अंतर्गत सबको पानी की समान उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए गली मोहल्ले बस्तियों के घर घर तक नल का कनेक्शन पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत सबको साफ पानी की सुविधा उपलब्ध हो रही है सभी लोगों को पाइप लाइन के जरिए साफ पीने का पानी मुहैया कराया जा रहा है इस योजना के गांव में शीघ्रता से क्रियान्वयन होने से ग्राम वासियों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिल रहा है लोग अब वह दिन भूल गए हैं जब बूंद बूंद पानी के लिए उनको कई मिलो तक दूर जाना पड़ता था लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला गरियाबंद के पूरे विकास खंडों में नल जल योजनाओं को रिट्रोफिटिंग योजनाएं के माध्यम से शेष ग्रामों किया जा रहा है इस योजना का लाभ ग्राम अडगड़ी, शोभा होशियार बरछा, मोतीपानी, व अन्य ग्रामों को मिल रहा है।

# अच्छी शिक्षा से ही आगे बढ़ता है समाज-भूपेश बघेल

**मुख्यमंत्री आदिवासी विकास सम्मेलन में शामिल हुए**

**मुख्यमंत्री ने गोड़, उरांव, कंवर और चेरवा समाज के सामाजिक भवन के लिए 25-25 लाख, देवालयों के निर्माण के लिए 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की**

**माता राजमोहिनी देवी की मूर्ति और उनके नाम से चौक स्थापित किया जाएगा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने सरगुजा प्रवास के दौरान सूरजपुर में आदिवासी विकास सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन में गोड़, कंवर, उरांव और चेरवा समाज के सामाजिक भवन के लिए 25 25 लाख रुपए तथा बस्तर की तरह सरगुजा में भी देवालयों के निर्माण के लिए 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने माता राजमोहिनी देवी की मूर्ति और उनके नाम पर चौक स्थापित किए जाने की भी घोषणा की।




मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज के आगे बढ़ने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा से ही कोई समाज मजबूती से आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा की प्रदेश में भी शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष जोर दिया जा रहा है। अच्छी शिक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम और हिंदी माध्यम स्कूल खोले जा रहे हैं। जवाहर उत्कर्ष योजना, प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय के माध्यम से बच्चों की अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के माध्यम से दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। लोगों को अपने घर के नजदीक ही निःशुल्क इलाज और जांच के साथ दवा मिल रही है। सम्मेलन को आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष खेलसाय सिंह और छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।

# सभी पात्र लोगों को अभियान चलाकर बांटे जाएं वन अधिकार मान्यता पत्र- मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात अभियान के पांचवें दिन प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवापाराकला में आयोजित सभा में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उनके आग्रह पर क्षेत्र में विकास कार्यों और जन-सुविधाओं से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने नवापाराकला गेजी मार्ग में गेज नदी पर नए पुल के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने प्रेमनगर-उमेश्वरपुर क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण एवं निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए नये विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना, राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं प्रशासनिक कसावट के लिए उमेश्वरपुर में नवीन उप तहसील के गठन की घोषणा की।



इसके साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने पेयजल की समस्या से जूझ रहे गांवों में सौर ऊर्जा चलित पम्प के माध्यम से पेयजल की सुविधा देने, प्रेमनगर के उच्चतर माध्यमिक स्कूल के लिए नवीन भवन, चौरी पहाड़ स्थित देवस्थल में सुविधाओं के विस्तार, मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों की स्वीकृति की भी घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां आवश्यकता होगी वहां सौर ऊर्जा चलित पम्प के माध्यम से सिंचाई सुविधा का विस्तार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने आमजनता से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में कहा कि मैं यह जानने निकला हूं कि शासन की योजना का लाभ आमजन को मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोगों को नियमों के तहत अभियान चलाकर वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार रिकॉर्ड 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। छत्तीसगढ़ में धान का जितना मूल्य मिल रहा है उतना पूरे देश में कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने गौ-माता की सेवा की है, गोबर खरीद रहे हैं और आगे गौमूत्र भी खरीदेंगे। गौमाता की तरह हमें धरती माता की भी सेवा करनी है, इसके लिए खेतों में वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करना होगा जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान प्रेमनगर विकासखण्ड सरपंच संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र मरकाम ने पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करने पर मुख्यमंत्री बघेल को संघ की ओर से धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने सरपंच संघ के अध्यक्ष द्वारा पंचायत के कार्यों में कमीशन की शिकायत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कोई पर्टिकुलर शिकायत हो तो बताएं, इसकी जांच करा के कार्यवाई की जाएगी। ईओडब्ल्यू, थाने या स्वयं उनसे या जनप्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि इसकी जांच कराकर कार्यवाई की जाएगी। नवापाराकला की दसवीं की छात्रा यशोदा ने महतारी दुलार योजना का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। यशोदा ने बताया कि कोरोना से उनकी मां की मृत्यु हो गयी थी। इस योजना की वजह से उसकी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी है।

यशोदा अपनी मां के इच्छा अनुरूप शासकीय सेवक के रूप में अपना भविष्य संवारना चाहती हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए पीएससी एवं व्यापम के अभ्यर्थियों के शुल्क माफी के लिए राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय पर भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान नवापाराकला के किसान रामभगत ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचकर उन्हें इस साल लगभग 40 हजार रूपए की आमदनी हुई है। मुख्यमंत्री द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उनके पास 15 से 20 मवेशी है। मुख्यमंत्री को केदारपुर के किसान अमरजीत कुर्रे ने बताया कि उन्हें डेयरी की सब्सिडी अब तक नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका नाम और गांव नोट कर लिया है। जो भी गड़बड़ी किया है उस पर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल सब्सिडी देने के निर्देश दिए।

## शासकीय अस्पतालों में स्टॉक रजिस्टर मैंटेन करने स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते 4 मई से राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भेंट-मुलाकात अभियान की शुरुआत की है। भेंट-मुलाकात अभियान की कड़ी में मुख्यमंत्री 7 मई को प्रतापपुर विधानसभा के लटोरी पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल लटोरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे थे। यहां स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने मरीजों और अस्पताल स्टाफसे दवाइयों और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

,मुख्यमंत्री बघेल ने पाया कि स्वास्थ्य केन्द्र का स्टॉक रजिस्टर मैंटेन नहीं है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी थी। साथ ही इस लापरवाही के लिए स्वास्थ्य केन्द्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ. राकेश कुमार साव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए थे। वहीं बीएमओ व स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी को शो-कॉज नोटिस जारी करने का भी निर्देश कलेक्टर को दिया था।

मुख्यमंत्री के इस कड़े रूख के बाद आज स्वास्थ्य विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए स्टॉक रजिस्टर के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं (डीएचएस) की ओर से राज्य के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) और सभी जिलों के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक के नाम दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देश में सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों द्वारा ओपीडी में लिखी जाने वाली (प्रिस्क्राइब) दवाइयों की एंट्री ओपीडी रजिस्ट्रर में आवश्यक रूप से करने के लिए कहा गया है। साथ ही लिखी जाने वाली दवाइयों की एक प्रति पृथक से रखने के लिए भी निर्देशित किया गया है। दवा वितरण कक्ष में फार्मासिस्ट द्वारा भी रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं चिकित्सालयों में मरीजों के बीमारी से संबंधित की गई जांच की एंट्री भी ओपीडी रजिस्टर में करने को कहा गया है।

इसके अलावा स्टॉक की ऑनलाइन जारी के लिए दवाओं की एंट्री डीपीडीएमआईएस सॉफ्टवेयर में तथा जांच (डायग्नोस्टिक इन्वेस्टिगेशन) की एंट्री ई-हॉस्पिटल सॉफ्टवेयर में आवश्यक रूप से करने के लिए निर्देशित किया गया है।

**आम जनता से मिले फीडबैक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा-**

# जमीनी स्तर पर दिख रहा है योजनाओं का क्रियान्वयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि भ्रमण के दौरान जमीनी स्तर पर योजनाओं का अच्छा क्रियान्वयन दिख रहा है। अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं, जो अधिकारी-कर्मचारी कार्य के प्रति लापरवाह हैं, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान भटगांव के एसईसीएल विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में इस आशय के विचार प्रकट किए। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री पारस नाथ राजवाड़े और मुख्यमंत्री के सचिव श्री एस.भारतीदासन भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री हर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के बाद दूसरे दिन आमजनों से मिले प्रतिक्रिया उपरांत लगातार जिले के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग, शिक्षा, वन और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की मुख्य रूप से समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल को गत दिवस बिहारपुर में छात्रों द्वारा पढ़ाई से जुड़ी अनियमितता के बारे में बताया गया था। मुख्यमंत्री ने इस पर तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को वहां के शिक्षकों का तबादला करने और नए शिक्षक भेजने को कहा।

साथ ही आदेश की अवमानना करने पर निलंबित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि जमीन से जुड़ी और कब्जे की शिकायत मिल रही है। राजस्व अधिकारी इसे गंभीरता से लें।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान गत दिवस हॉस्पिटल के निरीक्षण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाइयों आदि का पूरा लेखा-जोखा रखें। दवाइयों की आवक-जावक की पूरी जानकारी पृथक से रखने की व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि जो होना चाहिए वह करिए और जो नहीं हो सकता, वह नहीं होना चाहिए। निलंबन वहीं किया गया है जहां किसी ने गलत कार्य किया है। अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी दक्षता से काम करना चाहिए, लोगों में आक्रोश तभी होता है जब काम अच्छे से नहीं करते हैं अथवा समय सीमा में कार्य नहीं होते। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पात्र आदिवासी और गैर आदिवासी समुदाय के लोगों को वनाधिकार पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी की समस्या के लिए नरवा कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण तथा भूजल स्तर को बढ़ाने पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था भी हो। जल प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन विस्तृत कार्ययोजना तैयार करे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आवर्ती चराई के अन्तर्गत आने वाले गौठानों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अखिल भारतीय काव्य प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**गरियाबंद।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिन्दी साहित्य भारती गरियाबंद ने माता कौशल्या के जीवनी पर आधारित काव्य लेखन प्रतियोगिता का परिणाम आनलाइन गूगल मीट के माध्यम से घोषित किया।ज्ञात हो कि कार्यक्रम के संयोजक राष्टपति पुरस्कृत शिक्षक डा.मुन्नालाल देवदास ने प्रतियोगिता हेतु श्री राम की जननी माता कौशल्या के पौराणिक इतिहास पर आधारित रचनाएँ आमंत्रित किया था! इस अखिल भारतीय काव्य प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश,राजस्थान,पश्चिम बंगाल,बैंगलोर,सहित देशभर के लगभग 115 प्रतिभागी कवि साहित्यकारों ने बढचढकर भाग लिया था!रचनाकारों के रचनाओं का मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडल गठित किया गया था। जिसमें प्रमुख रुप से वरिष्ठ साहित्यकार राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक सीताराम साहू श्याम एवं जगदीश देशमुख शामिल थे।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware, CCTV Camera, Networking, Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing, Printer, Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/- Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### ओएलएक्स से मोबाइल खरीदने के दौरान युवक फंसा ठग के जाल में

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से साइबर क्राइम से बचने के लिए लगातार जागरूक करने के बाद भी लोग ठगों के शिकार हो रहे हैं। ताजा मामला रायपुर का है, जहां ओएलएक्स से मोबाइल की खरीदने के दौरान एक युवक ठगी का शिकार हो गया। ठग ने लगभग 37 हजार रुपये ठग लिए। डीडी नगर थाना पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रायपुरा निवासी शुभम बोरकर ने डीडी नगर थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। शुभम सिविल सर्विसेज की तैयारी करते हैं। 29 अप्रैल को ओएलएक्स के जरिए मोबाइल फोन सर्च किया। इस दौरान वन-प्लस कंपनी का मोबाइल खरीदने के लिए दिए गए नंबर में फोन किया। मोबाइल फोन की कीमत 10 हजार 500 रुपये बताई गई। फोन धारक ने डिलेवरी चार्ज 620 रुपये फोन-पे के माध्यम से डालवा लिए। इसके बाद 52 सौ रुपये की मांग की गई। शुभम ने फोन पे कर दिया। इसके बाद दूसरे नंबर से फोन आया और फोन धारक ने खुद को डिलेवरी ब्याय बताया। उसने झांसे में लिया और कहा कि ज्यादा पैसे ट्रांसफर कर दिए गए हैं। 51 सौ 99 रुपये पे करने थे। उसके बताए अनुसार शुभम ने फिर से रकम भेज दी। इस तरह से अलग-अलग शर्त रखकर कुल 36,816 रुपये की मांग की गई। प्रार्थी ने फोन पे पर पेमेंट कर दिया। पैसे डालने के बाद भी शुभम के पास फोन नहीं पहुंचा। ठगी की आशंका होने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### बिलासपुर में पुरानी रंजिश पर ठेकेदार को रोककर मारपीट

**बिलासपुर ( ए )।** शनिवार की रात मिनी बस्ती में ठेकेदार को रोककर युवकों ने पिटाई कर दी। मारपीट के बाद युवक उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पिटाई से घायल ठेकेदार ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन क्षेत्र के मंदिर चौक में रहने वाले अमन रात्रे ठेकेदार हैं। शनिवार की रात 10 बजे वे अपने मित्र स्वपनिल शर्मा से मिलने के लिए पारिजात कालोनी गए थे।

वहां से वे रात 11 बजे अपने घर लौट रहे थे। मिनी बस्ती में दिलीप दुकान के पास शिवा लहरे, अवि पांडेय और विशाल ने अपने साथियों के साथ उन्हें रोक लिया। पुरानी रंजिश पर उन्होंने ठेकेदार से गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर युवकों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद युवक वहां से भाग निकले। घायल ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर घटना की शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### पति ने पत्नी पर किया प्राणघातक हमला, अपराध दर्ज

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवनगर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर दिया। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रार्थी संदीप शर्मा की शिकायत पर आरोपित पति अशोक शर्मा के खिलाफ आजाद चौक थाना पुलिस ने धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपित पति फरार है।

#### पुलिसकर्मियों को ईमानदारी और लगन की नसीहत

# एसपी अभिषेक पल्लव ने कहा- ट्रैफिक सुधारने से पहले खुद की व्यवस्था सुधारें

**भिलाई।** दुर्ग जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव रविवार को यातायात कार्यालय नेहरू नगर पहुंचे। यहां वे यातायात में पदस्थ सभी अधिकारी और कर्मचारियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने सभी को निर्देश दिया कि वो समय पर साथ सुथरी वर्दी पर ड्यूटी पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने ईमानदारी और लगन के साथ करने की नसीहत भी दी।



एसपी डॉ. पल्लव ने इस दौरान दुर्ग जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी पूरे पुलिस महकमे की है। ट्रैफिक व्यवस्था को बनाने के लिए सबसे पहले ट्रैफिक पुलिस को अपनी व्यवस्था और नियम को सुधारना होगा। उन्होंने कहा कि सभी ट्रैफिक स्टाफ को निर्धारित समय में ऑफिस पहुंचना चाहिए। ईमानदारी तथा लगन के साथ कार्य करना चाहिए। इसके बाद उन्हें यातायात नियमों का पालन ना करने वाले वाहन चालकों को समझाइश देनी चाहिए और उसके साथ ही साथ उनके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करनी चाहिए।

### वीआईपी ड्यूटी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

इस दौरान एसपी डॉ. पल्लव ने वीआईपी ड्यूटी पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि वीआईपी प्रवास के दौरान सर्तकता से ड्यूटी करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान पुलिस कर्मचारियों के हितों की बात भी की। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें कहीं भी किसी प्रकार की कोई असुविधा या परेशानी हो तो वे तत्काल अपने उच्च अधिकारियों को बताएं। यदि उसके बाद उनकी समस्या हल नहीं होता तो उनसे सीधे मिलें और अपनी परेशानियों को साझा करें। उनकी यथासंभव हर परेशानी का तत्काल निवारण किया जाएगा।

#### ऑयल चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

# पूर्व कर्मचारी निकला मास्टर माइंड, सेंध मारकर पंप मशीन से चुराए थे एक हजार लीटर ऑयल

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के थाना खमतराई इलाके के रावांभाठा स्थित भगवती ट्रेडर्स में ऑयल चोरी करने के मामले में पुलिस ने राजफाश करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपित और दो खरीददार सहित पांच को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आयल चोरी का मास्टर माइंड पूर्व में वहां काम करने वाला निकला। पुलिस ने चोरी करने के आरोपित योगेश कुमार साहू, आकाश उपाध्याय, विजय कुमार साहू के साथ खरीददार विक्की वैष्णव और धर्मेंद्र पासवान को गिरफ्तार किया है।

खमतराई थाने में प्रार्थी प्रवीण अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। प्रार्थी का बंजारी मंदिर के पीछे रावांभाठा में भगवती ट्रेडर्स के नाम से गोडाउन है, जहां बड़े-बड़े कारखानों की मशीनों में उपयोग होने वाले ऑयल को स्टोर करके रखा जाता है। गोडाउन से ही ट्रेडिंग का काम संचालित किया जाता है। 25 अप्रैल की दोपहर वह गोडाउन बंद कर घर चले गए। अगले दिन गोडाउन आए तो गोडाउन की बाउंड्री वाल से लगा ऑयल ड्रम खुला हुआ था।



### पंप मशीन से की थी हजार लीटर ऑयल की चोरी

अज्ञात चोर दीवार में सेंध मारकर गोडाउन से पांच ड्रम ऑयल पंप मशीन के द्वारा पाइप लगाकर निकाल लिया। एक हजार लीटर ऑयल की चोरी की गई। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पूर्व में काम कर चुके कर्मचारियों के बारे में जानकारी जुटाई। योगेश साहू के बारे में पुलिस को अहम जानकारी मिली। इसके आधार पर उससे पूछताछ की गई। पहले तो वह मना करता रहा।

साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि आकाश और विजय के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद विक्की और धर्मेंद्र को चोरी का आयल बेच दिया। पुलिस ने सभी आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया।

# कब्जेबाजों पर चला बुलडोजर, 70 से अधिक दुकानों के सामने रखा सामान हटाया, 20 के सामान जब्त

**रायपुर ( ए )।** मौदहापारा और एमजी में शनिवार को फुटपाथ व रोड किनारे कब्जा कर दुकान लगाने वालों के खिलाफ बुलडोजर चला। यह कार्रवाई नगर निगम और यातायात पुलिस की टीम ने मिलकर की। निगम ने 70 से अधिक दुकानों के सामान को हटाने के साथ करीब 20 दुकानों की सामग्री जब्त कर ली। अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान निगम अधिकारियों से दुकानदार एक-दो घंटे का समय देने के लिए मिन्नात करते रहे, लेकिन अधिकारियों ने यह कहकर सभी को चुप करा दिया कि आप लोग किसकी अनुमति से दुकान के बाहर फुटपाथ, सड़क पर सामान फैलाकर व्यवसाय कर रहे हैं? सड़क घेरने से आम जनता का चलना मुश्किल हो गया है। लोग अपने दोपहिया वाहन कहां पार्क करें? यहां तो आधी सड़क घेर रखे हैं।




नेताजी चौक से कटोरा तालाब रिंग रोड तक शुक्रवार को अवैध कब्जे हटाए गए थे। इसके बाद शनिवार दोपहर को निगम के सेंट्रल उड़नदस्ता प्रभारी आभाष मिश्रा, डीएसपी यातायात सतीश सिंह ठाकुर, सहायक ग्रेड तस्सवुर अली बुलडोजर लेकर निकले। उनके साथ सब इंजीनियर मनोज साहू, मौदहापारा पुलिस थाना प्रभारी भी थे। टीम ने मौदहापारा पुलिस थाने से लेकर पूरी केके रोड में कार्रवाई की। एक-एक दुकानदारों को दुकान के बाहर रखे टायर, ट्यूब, छड़, दरवाजा, चौखट, गेट अन्य सामान को हटाने को कहा। इस दौरान जिन्होंने भी सामान हटाने में देरी की, उनके सामान को जब्त कर लिया गया। रोड किनारे तालपत्री लगाकर किए चार से अधिक कब्जे को बुलडोजर चलाकर तोड़ा गया। उनके सारे सामान को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इसी तरह एमजी रोड में भी निगम का बुलडोजर घूमा।

सड़क, फुटपाथ पर कब्जा कर कारोबार करने वालों के खिलाफ निगम की कार्रवाई जारी रहेगी। किसी को भी सड़क पर कब्जा करने नहीं दिया जाएगा। शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**-प्रभात मलिक, आयुक्त, नगर निगम, रायपुर**

# उत्तराधिकारी की सहमति से ही संपत्ति का एक तिहाई से अधिक भाग दे सकेंगे मुस्लिमः छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट

**बिलासपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि मुस्लिमों को मुस्लिम हनीफी ला के प्रविधानों के तहत वसीयत करनी होगी। कोई भी मुस्लिम अपनी एक तिहाई से ज्यादा की संपत्ति की वसीयत नहीं कर सकता। हाई कोर्ट ने यह भी कहा है कि संपत्ति के एक तिहाई से अधिक भाग की वसीयत उत्तराधिकारी की सहमति के बाद ही की जा सकती है। हाई कोर्ट ने मुस्लिम ला में वसीयत के लिए दिए गए प्रविधानों को गंभीरता के साथ लागू करने के निर्देश भी दिए हैं।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि वसीयत करने से पूर्व यह भी देखना होगा कि उत्तराधिकारी के लिए किसी तरह का कोई कर्ज तो नहीं छोड़ा जा रहा है। ऋण की अदायगी व अंतिम संस्कार के खर्च वसीयत में शामिल नहीं किए जा सकते। इसके बाद ही वसीयत की वैधता मानी जाएगी।

कोर्ट ने यह भी शर्त रख दी है कि जिस व्यक्ति या संस्था के नाम से संपत्ति वसीयत की जाएगी, उनकी क्षमता का आकलन करना भी जरूरी है। वसीयत के हकदार व्यक्तियों में क्षमता होनी चाहिए। संदेहास्पद व दोषपूर्ण वसीयत को कानूनी रूप नहीं दिया जा सकता। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने कोरिया जिला कोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया है, जिसमें प्रमुख पक्षकार द्वारा कराई गई वसीयत को सही ठहराया गया था।

### क्या है मामला

कोरिया जिले के ग्राम तरगंवा निवासी सुलक्षणी जायसवाल ने वकील अमीयकांत तिवारी के जरिए कोरिया जिला कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने सत्तार अली द्वारा नूर मोहम्मद से कराई गई वसीयत को संदेहास्पद और दोषपूर्ण बताया था। मामले की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच में हुई।

इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील अमीयकांत तिवारी ने मुस्लिम हनीफी ला में दिए गए प्रविधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुस्लिम अपनी संपत्ति के एक तिहाई से ज्यादा हिस्से की वसीयत नहीं कर सकते। इस मामले में नूर मोहम्मद ने अपनी पूरी संपत्ति सत्तार अली के नाम कर दी है। यह मुस्लिम हनीफी ला के प्रविधानों के विपरीत होने के साथ ही दोषपूर्ण भी है।

# महुआ शराब बनाने से मना करने पर युवक की पिटाई

**बिलासपुर ( ए )।** महुआ शराब बनाने से मना करने पर ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर दी। घायल ने इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कोनी क्षेत्र के रमतला में रहने वाले सतीश सूर्यवंशी पोताई का काम करते हैं। 15 दिन पहले वे गांव की महिलाओं के साथ संवरा मोहल्ले में गए थे। वहां पर महिलाओं ने महुआ शराब बनाने वालों को समझाइश दी थी।



महिलाओं के कहने पर वे शुक्रवार की रात मोहल्ले में शराब बनाने वालों की जानकारी लेने के लिए गए थे। इस दौरान मोहल्ले के रवि सौंरा और उसके साथियों ने युवक को घेर लिया। उन्होंने शराब पकड़वाने का आरोप लगाते हुए लाठी से युवक की पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया। मारपीट से घायल ने रविवार को थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# चोरी की एक शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई और मिल गए 122 मोबाइल

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ से चोरी होने वाले मोबाइल ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, बंगाल, झारखंड, बिहार, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों तक फैला हुआ है। मोबाइल की चोरी के ठीक बाद उसे इन राज्यों में ले जाकर बेच दिया जा रहा है। पुलिस ने पहली बार मोबाइल चोरी की रिपोर्ट को एक साथ खंगाला। मोबाइल के आइएमईआइ नंबरों के आधार पर जांच की गई। उसमें जिन सिम का उपयोग किया जा रहा था, उस पर फोन करके बात की गई। ऐसे 122 फोन को पुलिस ने वापस मंगवाए हैं। शिकायतकर्ताओं को कंट्रोल रूम बुलाकर उन्हें उनके मोबाइल लौटा दिए गए।



पुलिस अधिकारियों का भी ये मानना है कि मोबाइल चोरी को लेकर एक संगठित गिरोह काम कर रहा है। सार्वजनिक स्थानों, आटो-बस, ट्रेन में ये भीड़ के बीच घुसकर सरलता से किसी न किसी का मोबाइल पार कर देते हैं। प्रायः हर सप्ताह चोरी की दर्जन भर से अधिक शिकायतें विभिन्न थानों में दर्ज होती हैं।

एएसपी सिटी तारकेश्वर पटेल और एएसपी क्राइम अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि बढ़ती घटनाओं को देखते हुए थानों में दर्ज शिकायतों पर काम किया गया। आइएमईआइ नंबरों से मोबाइल में उपयोग हो रहे नंबर पर फोन किया गया। इन फोन को सामान्य नागरिक उपयोग कर रहे थे। इनसे बात करते फोन के चोरी का होने की जानकारी दी गई। उनसे फोन को कोरियर के माध्यम से वापस बुलाया गया। ऐसे 122 फोन वापस मिले। ये फोन जिनके थे, शनिवार को उन्हें बुलाकर फोन दे दिए गए।

पुलिस कंट्रोल रूम में मिठाइयां बंट रही थी। थैंक्यू! थैंक्यू !! थैंक्यू !!! जैसे बोल, चारों ओर से सुनाई पड़ रहे थे। आयुषी श्रीवास्तव नामक एक युवती पुलिसवालों को अपने हाथों से मिठाइयां खिला रही थी। श्वेता का आई फोन उसे वापस मिल गया। उसकी प्रसन्ता देखते ही बन रही थी। दिसंबर महीने में जंगल सफारी घूमने गई ईशु अग्रवाल का वहां खोया मोबाइल अब उसके हाथ में था। फोन फार्मेट हो चुका था पर फोन के वापस मिलने से वो गदगद थी। यहां हर चेहरे पर एक मुस्कान दिख रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे इन्हें खोया खजाना मिल गया हो।

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### वार्ड 3 के लोगों को मिलेगी सड़क की सुविधा, 7.84 लाख डामरीकरण कार्य के लिए विधायक व महापौर ने किया

**दुर्ग।** शहर के हृदय स्थल चंडी मंदिर चौक से लेकर नया तालाब,सारथी पारा सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य के लिए आज विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्ड क्रमांक 3 चंडी मंदिर रोड से नया तालाब और सारथी पारा सड़क डामरीकरण निर्माण के लिए 7,84 लाख की लागत से विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया । इस मौके पर विधायक ने उपस्थित निवासियों से कहा मूलभूत विकास निर्माण कार्य के लिए पैसे की कमी नहीं हैं आपकी जरुरत और सुविधाओं को देखते हुये आज विकास निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया है। इस अवसर पर सभापति राजेश यादव, गया जी पटेल,,पार्षद नरेंद्र बंजारे,एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी,संजय कोहले, दीपक साहू,हमीद खोकर,मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज,मनीष बघेल,प्रकाश जोशी, बृजलाल पटेल, एल्डरमेन श्रीमती रत्ना नारमदेव,जगमोहन ढीमर,देव सिन्हा सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से पार्षद व वार्ड के निवासी विकास और निर्माण की बाट जोह रहे थे।क्षेत्र में सड़क डामरीकरण कार्य की अधिक आवश्यक है।

# आयुक्त ने पेयजल व्यवस्था को लेकर मॉर्निंग विजिट में किया वार्ड क्षेत्रों का निरीक्षण

**टुल्लू पंप नई ले सकन साहब, बने करेव जेन पानी आये के बेरा मा बिजली ला बंद करथो, नई ता हमन मन ला पानी नई मिलतीस, अब मिलथ हे भरपूर पानी, निरीक्षण के दौरान सुनंदा सहारे ने कहीं यह बातें**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। रोज कमाने खाने वाला गरीब अऊ मध्यम वर्गीय परिवार के आदमी हन साहब, टुल्लू पंप नई ले सकन, बने करेव जेन पानी आये के बेरा मा बिजली ला बंद करथो, नई ता हमन मन ला पानी नई मिलतीस, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के पेयजल के निरीक्षण के दौरान सुनंदा सहारे ने यह बातें कही, वार्ड क्रमांक 46 की निवासी सुनंदा ने कमिश्नर को बताया कि पानी सप्लाई के दौरान विद्युत कटौती करने से टुल्लू पंप लगाने वाले टुल्लू पंप से पानी नहीं खींच पा रहे हैं।



जिससे हमारे घरों तक पर्याप्त मात्रा में प्रेशर के साथ पानी पहुंचने लगा है, गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार होने के कारण टुल्लू पंप खरीदना हमारे लिए आसान नहीं है। जिनके पास टुल्लू पंप के लिए पैसे हैं वह खरीद कर पानी खींच लेते थे, पानी सप्लाई के दौरान ठीक समय पर विद्युत कटौती होने से सभी घरों में पर्याप्त और समान मात्रा में पानी मिल रहा है, श्रीमती सुनंदा ने पानी सप्लाई के दौरान विद्युत कटौती के निर्णय को सार्थक बताया। निगम आयुक्त ने लगभग 40 से 50 व्यक्तियों का फीडबैक लिया, आयुक्त यह जानना चाहते थे कि विद्युत कटौती के दौरान समान मात्रा में सभी को पानी मिल रहा है या नहीं यह देखने वे फील्ड पर ठीक विद्युत कटौती के समय प्रात: 6:30 बजे पहुंचे थे। वार्ड क्रमांक 38 एवं वार्ड क्रमांक 51 के भी कई क्षेत्रों का निगमायुक्त ने पेयजल को लेकर निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं, फील्ड पर हमेशा मुस्तैद रहने उन्होंने कहा है, गर्मी के दिनों में उन्होंने पानी देने के कार्य को पहली प्राथमिकता दी है, इसके लिए लगातार बैठक लेकर अधिकारियों को महापौर निर्देशित कर रहे हैं। खुर्सीपार में औद्योगिक क्षेत्र के गणेश मंदिर के पास निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने यह पाया की तेज कोक कंपनी के द्वारा केबल वाइंडिंग तथा जी आई वायर का निर्माण किया जाता है तथा कंपनी से निकलने वाले दूषित जल को कंपनी द्वारा खुले क्षेत्र में बहा दिया जाता है जिससे यह दूषित जल भूजल स्त्रोत में मिलकर आसपास के लगे क्षेत्रों के पेयजल स्त्रोत को दूषित कर सकता है। निगमायुक्त ने स्वयं भी दूषित पानी नाली में बहाते हुए कंपनी को पाया।

आयुक्त सर्वे ने कंपनी को नोटिस देने के निर्देश मौके पर अधिकारियों को दिए। वहीं उन्होंने इस संबंध में तेज कोक कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को भी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने समीपस्थ क्षेत्रों के कुछ जगह से सैंपल कलेक्शन करवाने के भी निर्देश अधिकारियों को मौके पर दिए और पानी की टेस्टिंग करवाने कहा।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट वार्ड वासियों के लिए बनी वरदान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत श्रमिकों को उनकी ही बस्ती में उनके द्वार के नजदीक सारी चिकित्सकीय सुविधाएं मिले। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशानुरुप आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर प्रतिदिन 4 वार्डों में लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने वार्डों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगवा रहे हैं। नगर पालिक निगम का स्वास्थ्य विभाग मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल युनिट श्रमिक बस्तियों में जाकर अपनी चिकित्सकीय सेवा लगातार दे रही है। इस क्रम में आज सुबह आयुक्त हरेश मंडावी वार्ड 39 कचहरी वार्ड गांधी नगर डिपरा पारा के शिविर में पहुँचकर हितग्राही से बात की,सबने सुविधा को सराहा। हितग्राहियो ने कहा मोबाइल मेडिकल यूनिट में जांच व इलाज की सेवाएं हो बेहतर हो रही है।इसमें सभी वर्ग व उम्र के लोग अपनी बस्ती में अपने घर के समीप लगे शिविर में आकर नि:शुल्क जांच कराकर दवाइयां ले रहे हैं। इस योजना का अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है।अब तक कुल आयोजित कैम्प, 1766,कुल लाभान्वित मरीज, 124000,कुल लैब टेस्ट, 21377,दवा वितरण के लाभान्वित मरीज, 106840,मोबाइल मेडिकल यूनिट वार्ड वासियों के लिए बनी वरदान,घर के द्वार पर एमएमयू पहुंचने से हॉस्पिटल जाने की जरूरत नहीं।

# शकुन्तला विद्यालय में समर कैम्प समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शिक्षा का संचार, कौशल का आकार दोनों पक्षों को समेटे शुरू हुआ समर कैम्प। 25 अप्रैल से प्रारंभ इस शिविर का समापन 07 मई को बड़े जोश और उत्साह के साथ हुआ। इस जलसे की शुरूआत माता शारदे के दीपप्रज्जवलन से हुई। तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों के स्वागत वंदन की कड़ी से कार्यक्रम ने गति ली।

छात्रों की सृतनात्मक चेतना और मितव्ययी सोच ने -'बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट' व्यवहार ने उत्सव में रंग भरना शुरू किया योगा, स्केटिंग, कराटे के अद्भुत प्रदर्शन से अभियार्थियों ने सभी को मोहित किया। आत्मविश्वास व व्यक्तिगत विकास हेतु 'ब्यूटी एण्ड वेलन' से पर्सनाल्टी डवलपमेंट और 'जुम्बा-कला' की झाँकियाँ दिखाई गई । कुछ नन्हें फनकारों ने संगीत कला से महोल को सरस बनाया। रंगोली और मेहदी



कोन से हथेली में रंग भरने की कला दर्शाई। वहीं 'मसाला तड़का' ने स्वाद का जायका बढ़ाया। विज्ञान के चमत्कार और कम्प्यूटर के आश्चर्य ने सभी को चकित किया। शाला प्राचार्य विपिन कुमार ने इन गतिविधियों के पश्चात् जलसे की अखण्ड मशाल की लौ को स्थिर करते हुये उद्बोधन में कहा कि किताबी ज्ञान तब तक अधूरा है, जब तक उसमें व्यवहारिक कौशल का जागरण न हो। आयोजित कार्यक्रम में बहुरंगी कलाओं को प्रस्तुत किया गया, वह सचमुच सराहना के योग्य है । इस अवसर पर शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने 15 दिवसीय आयोजन में योगासान, व्यक्तित्व का निर्माण, विज्ञान के चमत्कार, कम्प्यूटर की कला-सभ्यता, मात्र औपारिक ही नहीं रही। बल्कि सही रूप में व्यक्तित्व निर्माण के सोपान है जिसकी पहली सीढ़ी विद्यालय प्रांगण से बनती है जिसमें शाला का हर सदस्य आपसी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए छात्र-निर्माण में यज्ञ-वेदी में कार्य आहुतियाँ दी। मंच संचालन और आभार प्रदर्शन का दायित्व एलिशा कुमार ने निभाई। इस अवसर पर गजेन्द्र भोई (एजुकेशन एडवाइजर), प्राचार्या आरती मेहरा (शकुन्तला विद्यालय क्र-2), मैनेजर ममता ओझा (शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर), उपप्राचार्या जी. रंजना कुमार, अनिता नायर, हेड मिस्ट्रेस अर्चना मेश्राम, सीनियर मिस्ट्रेस बलजीत कौर, प्रभारी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस सफलता पर शुभकामनायें दी। खेल प्रशिक्षक/पी.टी.आई उपस्थित थे एवं इस प्रकार के खेलकूद शिविर आयोजन पर सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुये हर्ष व्यक्त किया।

# मदर्स डे पर किड्स समर फेस्ट का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** बाल मन की कल्पनाओं को नई उड़ान देने और उनके व्यक्तित्व के मुकम्मल विकास के मकसद से समर किड्स फ़ेस्ट का आयोजन किया गया जैन समाज के 40 युवाओं और युवतियों की टीम समाज और सेवा के कार्य के लिए हमेशा प्रयास कर रही है गौ सेवा कार्य कर रहे है ग्रुप की सदस्य पायल पारख ने बताया जीव दया ग्रुप के द्वारा मदर्स डे के मौक़े पर किड्स समर फ़ेस्ट का आयोजन वर्धमान स्थानक़ भवन गवली पारा में किया गया था किया गया था जिसमें स्मामन्त्रिय अतिथि गण श्रीमती इचरा जी लोढ़ा, श्रीमती




निर्मला जी पिंचा, श्रीमती मानसी गुलाटी,सुश्री पायल जैन ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में रंगोली में प्रथम स्थान नंदनी तांडी, ग्रीटिंग कार्ड में महिमा बैद,स्लोगन में उत्कर्ष जैन, ड्राइविंग में चिनु सांखला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है इस आयोजन में लगभग 160 बच्चों ने भाग लिया था साथ ही भिलाई सिंगर हर्षदीप जग्गी ने अपने गिटार के साथ अपनी समा बांधा और लोगों का दिल जीता सभी प्रतियोगी की जज थी अर्चना जी श्रीश्रीमाल ,रितिका बेगानी, पारस लोढ़ा,चंचल पारख थी बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करना है जीव दया ग्रुप का मुख्य उद्देश्य किड्स समर फ़ेस्ट के आयोजन बच्चे में आत्मविश्वास पैदाकर उनके व्यक्तित्व का पूर्ण रूप से विकास करना।

यहां एक्टिंग के साथ ही बच्चों को अपने व्यक्तित्व को निखारने का मौका मिलता है।शिखा लूनावत, अर्चना बोहरा, पूनम बुरड,श्रुति लुनिया, दिव्या गोलछा दिछा नाहर, पूजा जैन,प्राची पण्ड्या ,सेजल बाँठिया , पायल पारख,चंचल जैन, सेजल कंटारिया पूर्वी पारख नम्रता बाफ़ना, जीव दया ग्रुप के सभी मौजूद रहे।

### लुचकी तालाब का पानी गंदा, लोगों को हो रही है त्वचा संबंधी बीमारी

# वोरा ने निगम अफसरों को सफाई के बाद साफ पानी भरने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आज शिक्षक नगर.लुचकी पारा वार्ड का सघन दौरा करते हुए नागरिक समस्याओं का जायजा लिया। नागरिकों ने बताया कि लुचकी तालाब का पानी बेहद प्रदूषित हो चुका है। तालाब के पानी में निस्तारी करने से लोगों को चर्म रोग हो रहे हैं। नागरिकों ने तालाब की सफाई फौरन कराने की मांग की।

वोरा ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इसके लिए आवश्यक पहल की जाएगी। वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, एमआईसी मेंबर व वार्ड पार्षद मनदीप भाटिया, पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज, स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान सहित अन्य



अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान वोरा ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि 8 तालाबों की सफाई व सौंदर्यीकरण कार्य के लिए कुल 11 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। लुचकी तालाब के लिए 50 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन से मंजूर कराते हुए तालाब सफाई सहित आवश्यक कार्य फौरन कराए जाएं। वार्ड के नागरिकों ने एक और प्रमुख समस्या बताते हुए कहा कि शिक्षक नगर गार्डन और लुचकी तालाब के आसपास जुआं खेलने वालों का जमावड़ा रहता है। सट्टे का अवैध कारोबार भी चल रहा है। नागरिकों ने इन अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। वोरा ने तत्काल एसपी को इसकी जानकारी देते हुए अपराधों पर नियंत्रण करने आवश्यक कार्रवाई करने कहा है। नागरिकों ने बताया कि वार्ड में 3 साल से चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र में करीब 80 छोटे बच्चे आते हैं, लेकिन यहां लाइट नहीं है। आंगनबाड़ी की साफसफाई कराना जरूरी है। वोरा ने विभागीय अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये। वार्ड में हैंडपंप बिगड़े होने की समस्या का भी पता चला। वोरा ने सभी हैंडपंपों को सुधारने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। वोरा ने कहा है कि वार्डों में समस्याओं का निराकरण करने नगर निगम प्रशासन तत्काल हरकत में आए। निगम अधिकारी वार्डों का दौरा करें और नागरिक समस्याओं का समाधान भी तत्काल करें। वोरा ने कहा कि नगर निगम द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में सभी नागरिक समस्याओं का निकारण होना चाहिए।




### अन्य देशों के कल्चर से हमारी संस्था के बच्चे इंटरनेशल डिजाईनर बने

# इंटरनेशल स्कूल ऑफ डिजाईन चला रहा है ग्लोबल डिग्री प्रोग्राम- सीईओ अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नेहरू नगर स्थित इंटरनेशल स्कूल ऑफडिजाईन इंस्टूयूट का दो दिवसीय फैशन एवं इंटेरियर आर्ट पर 7 और 8 मई को सूर्या मॉल में डेस सौ से अधिक छात्रों के द्वारा वेस्ट मटेरियल से बनाये गए। अलग अलग आर्ट की प्रदर्शनी इस संस्था के छात्रों के द्वारा बनाई गई है। जिसको आने जाने वाले सभी लोगों ने काफी सराहा है।**

आज इसका उद्घाटन इस संस्था के सीईओ सुजय अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल एक्जक्टीव डायरेक्टर, नेहरू नगर संस्था के डायरेक्टर विनोद सोनी, व संस्था की डायरेक्टर संदीप कौर की मौजूदगी में इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन हुआ।

जिसमें संस्था में अध्यनरत छात्र एवं छात्राएं बड़ी संख्या में यहां मौजूद थे। आयोजित इस



कार्यक्रम में एक पत्रकारवार्ता में इंटरनेशल स्कूल एण्ड डिजाईन के सीईओ सुजय अग्रवाल ने बताया कि पूरे देश भर में हमारे 57 सेंटर संचालित है जिसमें 15000 बच्चे पढ़ रहे है। हमारा हेड आफिस दिल्ली में भी है।

नेहरू नगर स्थित इंटरनेशल स्कूल ऑफडिजाईन इंस्टूयूट 5 में गिना जाता है। हम बच्चों को डिग्री व डिप्लोमा कोर्स संचालित करते है। 12 पास छात्र एवं छात्राएं इसमें प्रवेश ले कर अपना उज्जवल भविष्य तलाश सकते है। हमारी संस्था ग्लोबल डिग्री प्रोग्राम को भी चला रही है जिसमें अलग अलग देश में बच्चे जाकर वहां की संस्कृति वहां के पहनावा के अलावा अपना बेहतर भविष्य बना सके।

इसके लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों को हम दुबई, यूएसये (वांशिग्टन), भारत व पेरिस भी भेजते है ताकि वह पढ़ाई करके अपना केरियर बना सके। उन्हें अच्छा एक्सोजर मिले और वे अन्य देशों के कल्चर को समझ सके। और इंटरनेशल डिजाईनर बन कर अपने मां बाप व देश विदेश में कार्य करके अपना व देश व प्रदेश का नाम रौशन कर सके।

हमारे यहां एक वर्ष से लेकर चार वर्ष के कोर्स जिसकी फीस 50 हजार से लेकर साढ़े तीन लाख रूपये तक निर्धारित है। गरीब बच्चों के लिए भी हम विशेष रियायत बररते है। 8 मई को मदर्स डे है छात्राओं ने मां के पांच अलग अलग रूपो के तहत कलाकृतियों को वेस्ट मटेरियल से बनाया है जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी, झांसी की रानी, मदर टेरेसा, जैसी अन्य कलाकृतिया जो कि एक मां अपने पूरे जीवन काल में बिताती है। कार्यक्रम स्थल में चार से छ: बजे पेंटिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका अजय रात्रे के अलावा उनकी टीम व छात्र छात्राओं का अपना विशेष योगदान रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950